


।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN /2004 /13927
वर्ष - 21 अंक - 196
नर्मदापुरम
बुधवार, 30 अप्रैल 2025
● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया
Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने की श्री परशुराम जयंती पर प्रदेशवासियों के कल्याण की प्रार्थना

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान विष्णु के अवतार, परम तपस्वी भगवान श्री परशुराम जयंती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम, पृथ्वी पर शौर्य के अतुलनीय प्रतिमान हैं, उनकी कृपा सभी पर बनी रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परशुराम जयंती पर ईश्वर से प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की है।

### मुख्यमंत्री आज करेंगे श्रमिक परिवारों को 600 करोड़ अंतरित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज धार जिले के उमरबन में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 27 हजार 523 प्रकरणों में राशि रूपये 600 करोड़ सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। कार्यक्रम में श्रम व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि, हितग्राही उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं।

### भारत के 52वें सीजेआई होंगे जस्टिस रामकृष्ण गवई



**नई दिल्ली।** जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई को मंगलवार को भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश (सीजीआई) के रूप में नियुक्त किया गया है। वह 14 मई को मुख्य न्यायाधीश का पद संभालेंगे। 13 जून को मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जस्टिस गवई उनकी जगह लेंगे। जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश हैं। कानून मंत्रालय ने जस्टिस गवई की भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका नाम 16 अप्रैल को सीजेआई खन्ना द्वारा केंद्र सरकार को सिफारिश के रूप में भेजा गया था। जस्टिस गवई का कार्यकाल छह महीने का होगा और वह 23 दिसंबर को 65 वर्ष की आयु पूरी करने पर पद से सेवानिवृत्त होंगे।

### अंतर्मना उवाच



अलकनंदा, उत्तराखंड : प्रतिदिन की भांति खुले आसमान के नीचे भरी दोपहरी में तपोशिरोमणि अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागर जी महाराज दोपहर की सामयिक करते हुए...

***सब कुछ जानते हुये भी आप गलत को गलत नहीं कह पा रहे हैं..तो आप कभी अपने हक के लिये कुछ भी नहीं कर पाओगे..!***

*इसलिए एक-दो व्यक्ति अपने आसपास ऐसे रखो जो आपकी बुराई आपसे हक से कह सकें और आप उन्हें सुनकर, सहन कर सकें।* ***यदि गलती हो तो ठीक कर लो और गलत फ़हमी हो तो दूर कर दो।*** *इससे स्वयं और संबंधों को ज्यादा फ़ायदा होगा, क्योंकि आज का सबसे कठिन काम है अपनी बुराई अपनों से सुनना और उसे सुधारना।* ***बुराई या कमी बताने वाला बिना पानी और बिना साबुन के हमारे स्वभाव को निर्मल बना रहा है।***

***निंदा, बुराई, कमी बताने वाले दो प्रकार के हैं..!***

- *एक वे - जो अच्छे के लिये, सुधार के लिए, हमारी प्रतिभा को निखारने के लिए कमी बताते हैं, वे हमारे हितैषी और अच्छा सोचने वाले व्यक्ति है।*
- *दूसरे वो - जो सिर्फ प्याज के छिलके निकालने का काम करते हैं। ऐसे व्यक्तियों से संभल कर रहना चाहिए, क्योंकि वे हर बात का छिद्रान्वेषण करते हैं और मनोबल को तोड़ते हैं। ऐसे व्यक्ति द्वेष, ईर्ष्या और घृणा से भरे होते हैं। जिनको दूसरों के गुण, अच्छाई, नाम, ख्याति, प्रशंसा, तप, साधना की ऊंचाई सहन नहीं हो पाती है, वे बुराई, कमी बताने पर ही आमदा रहते हैं। ऐसे लोगों से दूर रहना ही श्रेष्ठ है।*

***निंदा, बुराई, कमी हमें हमारे व्यक्तित्व को निखारती है, परिमार्जन और परिष्कृत करती है।*** *इससे हम अपने जीवन में बेहतर की ओर अग्रसर होते हैं। इसलिए --* ***कभी भी निंदा, बुराई, कमी बताने वालों को अपना दुश्मन मत समझो बल्कि उनकी बातों को सुनकर उत्तेजित ना होकर अपने विवेक से निर्णय लें...!!!***

■अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

## तीनों सेना प्रमुखों के साथ हाई लेवल मीटिंग में प्रधानमंत्री बोले

# अब पाकिस्तान की खैर नहीं पीएम ने सेना को दी खुली छूट





### टारगेट, समय और तरीका तय करे आर्मी

### आतंकवाद को कुचलने का संकल्प

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। यह बैठक उस समय हुई है, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे।

#### पीएम मोदी ने क्या कहा

सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर करारी चोट करना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास और भरोसा जताया। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा, उन्हें (सशस्त्र बलों को) हमारी प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी स्वतंत्रता है। पीएम मोदी ने वादा किया है कि इस हमले के पीछे जो आतंकवादी और उनके मददगार हैं, उन्हें दुनिया के आखिरी छोर तक ढूंढ कर कल्पना से परे सख्त सजा दी जाएगी। यह पाकिस्तान की ओर इशारा माना जा रहा है, जिसका भारत में आतंकवाद फैलाने का इतिहास रहा है। इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। यह बैठक उस दिन हुई, जब सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राजनाथ सिंह को पहलगाम आतंकी हमले के बाद लिए गए कुछ फैसलों की जानकारी दी।

पहलगाम हमले के बाद सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई थी। इसमें विपक्षी दलों ने आतंकियों के खिलाफ सरकार किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन देने की बात कही।

हमले के अगले दिन कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक भी हुई थी। इस बैठक में बताया गया कि इस आतंकी हमले के तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब जम्मू-कश्मीर में चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं और राज्य धीरे-धीरे आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है।

**पाक के खिलाफ पांच रण-नीतिक फैसले**-सीसीएस की बैठक में पाक के खिलाफ पांच बड़े फैसले लिए गए थे। इसमें सिंधु जल संधि को तत्काल स्थगित करना, अटारी चेक पोस्ट को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा के तहत भारत में प्रवेश की अनुमति खत्म करना, पाक उच्चायोग में तैनात रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सेना के सलाहकारों को एक हफ्ते के भीतर देश छोड़ने का आदेश जैसे फैसले शामिल थे।



#### पीएम मोदी से मिले संघ प्रमुख मोहन भागवत

संघ प्रमुख मोहन भागवत पीएम मोदी से मिलने के लिए प्रधानमंत्री आवास पहुंचे हैं. तीनों सेना के प्रमुखों के साथ बैठक खत्म होते ही संघ प्रमुख पीएम आवास पहुंचे हैं. मोहन भागवत के साथ कुछ अन्य पदाधिकारी भी पीएमओ पहुंचे और कई मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई।

#### भारत की कार्रवाई के बाद बौखलाया पाकिस्तान, साइबर हमले की रची साजिश; भारतीय सेना ने दिया करारा जवाब

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ कुछ सख्त कार्रवाई की, जिसके बाद पाकिस्तान की बौखलाहट उसकी हरकतों से साफ तौर पर नजर आ रही है। इसी बीच पाकिस्तान से संचालित साइबर अपराधियों ने एक बार फिर भारत की साइबर सुरक्षा को भेदने की नाकाम कोशिश की है। हालांकि भारतीय साइबर सुरक्षा प्रणाली ने इन सभी हमलों को समय रहते पहचानकर विफल कर दिया। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान समर्थित आईओके हैकर समूह ने आर्मी पब्लिक स्कूल श्रीनगर व रानीखेत, आर्मी वेलफेयर हाउसिंग ऑर्गनाइजेशन और भारतीय वायु सेना के प्लेसमेंट पोर्टल को निशाना बनाया। इसके तहत उनका मकसद वेबसाइटों को नुकसान पहुंचाना, सेवाएं बाधित करना और निजी डेटा चुराने की कोशिशें शामिल थीं। बता दें कि हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की भूमिका सामने आने के बाद अब पाकिस्तान भारत की ऑनलाइन सेवाओं को निशाना बनाने की नापाक चाल चल रहा है।

#### आतंकवाद को कुचलना हमारा राष्ट्रीय संकल्प

पीएम आवास पर बैठक में पीएम के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, NSA, CDS और तीनों सेनाओं के प्रमुख मौजूद रहे। पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आतंकवाद से निपटने के लिए तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी। पीएम ने कहा, आतंकवाद को करारा झटका देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। हमें भारतीय सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास है। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का तरीका, लक्ष्य और समय सेना तय करे।

#### केंद्रीय गृह सचिव ने की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता

इससे पहले आज केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने भी एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें तीन अर्धसैनिक बलों के प्रमुख और दो अन्य सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। हालांकि बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई।

## मप्र सरकार का ट्रांसफर सीजन शुरू, मंत्रियों को भी आदेश जारी करने का मिला अधिकार

### नई ट्रांसफर पॉलिसी को मिली मंजूरी, प्रदेश में 1 से 30 मई तक होंगे तबादले

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें राज्य के किसानों, कर्मचारियों और ग्रीन एनर्जी से जुड़े कई अहम मुद्दों पर फैसले लिए गए। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट ने नई तबादला नीति को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत अब विभिन्न विभाग अपनी स्वयं की तबादला नीति बना सकेंगे, लेकिन इसकी जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को देना अनिवार्य होगा। नई नीति के अनुसार तबादले 1 मई से 30 मई के बीच किए जा सकेंगे। यह प्रक्रिया ई-ऑफिस प्रणाली के तहत होगी। तबादले स्वेच्छा और प्रशासकीय आधार पर हो सकेंगे। पदों की संख्या के अनुसार तबादले की अधिकतम सीमा तय की गई है। तबादला नीति के अनुसार 200 पद तक 20 प्रतिशत, 201 से 1000 पद तक 15 प्रतिशत, 1000 से 2000 पद तक 10 प्रतिशत और 2000 से अधिक तक 5 प्रतिशत पद है।

कैबिनेट ने चंबल क्षेत्र में 3000 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क की स्थापना को मंजूरी दी है। यह प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की साझेदारी में बनेगा। दोनों राज्य इस प्लांट से अपनी आवश्यकता के अनुसार बिजली प्राप्त कर सकेंगे।



#### पराली जलाई तो नहीं मिलेगी किसान सम्मान निधि

राज्य सरकार ने पराली जलाने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। पराली जलाने वाले किसानों की एक वर्ष की सम्मान निधि रोकी जाएगी। ऐसे किसानों के अनाज की सरकारी खरीदी भी एक वर्ष के लिए बंद कर दी जाएगी।

#### महंगाई भत्ते में 5 प्रतिशत बढ़ोतरी

राज्य सरकार ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को अब केंद्र सरकार के समान 55प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा।

#### एकीकृत पेंशन प्रणाली के लिए समिति गठित

कैबिनेट ने एकीकृत पेंशन व्यवस्था पर विचार करने के लिए 6 सदस्यीय समिति के गठन को मंजूरी दी है। यह समिति सरकार को इस संबंध में सुझाव और सिफारिशें देगी

## धार में पीएम मित्रा पार्क के लिए 2 हजार 62 करोड़ की स्वीकृति

## राजवाड़ा इंदौर में होगी 20 मई को मंत्रि-परिषद की बैठक

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की स्मृति में 20 मई को मंत्रि-परिषद की बैठक इंदौर के राजवाड़ा में होगी। इसमें होल्कर साम्राज्य की स्थापना करने वाले महाराज मल्हार राव होल्कर का भी स्मरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि देवी अहिल्या बाई होल्कर के 300वें जन्म जयंती वर्ष का समापन 20 मई को हो रहा है। यह सुखद संयोग है कि 20 मई को ही लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर विवाह वर्षगांठ भी होती है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुई। मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मुख्यमंत्री ने मंत्रीगण को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रि-परिषद की अगली बैठक में जिला विकास सलाहकार समिति का प्रस्ताव लाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि अलग-अलग क्षेत्र में सक्रिय एक लाख लोगों को विकास गतिविधियों से जोड़ते हुए विकास में सहभागिता के आधार का विस्तार किया जाए। इस उद्देश्य से जिला विकास समिति की कल्पना की गई है। सीएम की अध्यक्षता में गठित इस समिति के उपाध्यक्ष स्थानीय प्रभारी मंत्री होंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, सांसद, जनपद अध्यक्ष, मेयर, नगर पालिका अध्यक्ष के साथ ही चिकित्सा, विधि, इंजीनियरिंग, समाज सेवा, कृषि, उद्यानिकी, डेयरी, उद्योग इत्यादि 20 से अधिक क्षेत्रों के विशेषज्ञों को जोड़कर इन्हें विकास मॉडल में सहभागी बनाया जाएगा। इससे जिले के विकास में इनकी विशेषज्ञता का प्रत्यक्ष लाभ मिल सकेगा और वर्ष@2047 तक के अमृत काल के एजेंडे के क्रियान्वयन में इनकी विशेषज्ञतापूर्ण सहभागिता सुनिश्चित होगी।

## मुख्यमंत्री यादव बोले- लीप पोर्टल की लॉन्चिंग उद्यमियों के लिए क्रांतिकारी

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लीप पोर्टल की लॉन्चिंग देश और प्रदेश के उद्यमियों के लिए एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगी। भोपाल के ग्लोबल स्किल सेंटर में मंगलवार को लघु उद्योग भारती का 32वां स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने वर्चुअली संदेश दिया। इस मौके पर एमएसएमई विकास नीति 2025 पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में बताया गया कि इस नीति में पहली बार सर्विस सेंटर्स को शामिल किया गया है। साथ ही, नीति में कई बदलाव किए गए हैं ताकि प्रदेश में नए उद्योगों को बढ़ावा मिल सके। इस नई नीति के तहत निवेशकों को जमीन, टैक्स और बिजली जैसी सुविधाओं पर भारी रियायतें प्रदान की जाएंगी।



## अदालतें मध्यस्थ फैसलों में बदलाव कर सकती हैं या नहीं? सुप्रीम कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ यह तय करने के लिए आज फैसला सुनाएगी कि क्या अदालतें 1996 के मध्यस्थता और सुलह कानून के तहत मध्यस्थ फैसलों में संशोधन कर सकती हैं या नहीं। इस पीठ में सीजेआई संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति संजय कुमार, न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं। पीठ ने 19 फरवरी को इस पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था। इस फैसले का असर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ फैसलों पर पड़ सकता है। 13 फरवरी को अंतिम सुनवाई शुरू हुई थी, जिसे इससे पहले 23 जनवरी को तीन जजों की पीठ ने बड़ी पीठ को भेजा था।

## देखते ही देखते आग का गोला बना ट्रक



**मैहर।** मध्यप्रदेश के मैहर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक चलते ट्रक में देखते ही देखते ही आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस घटना में चालक ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली और स्थानीय लोगों की मदद से दमकल टीम को सूचना देकर आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक, जिस ट्रक में आग लगी वह ट्रक रीवा से कटनी की ओर जा रहा था। तभी मैहर के नेशनल हाइवे-30 पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास शॉर्ट सर्किट के चलते ट्रक में अचानक से आग लग गई। आग लगने से ट्रक का आगे का हिस्सा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया।

### *बाबा साहेब ने समाज को समानता के साथ जीवन जीने और नई उड़ान भरने का दिया अवसर : वसुंधरा राजे*

## *डॉ. अंबेडकर केवल दलितों के ही नहीं सभी वर्गों के मसीहा : मुख्यमंत्री*

***भोपाल ■ प्रतिनिधि***

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व बहुत महान और विराट था। वे सामाजिक एकता के प्रबल पक्षधर थे। डॉ. अंबेडकर केवल दलितों के ही नहीं, सभी वर्गों के मसीहा हैं। डॉ. अंबेडकर को आगे बढ़ाने में ग्वालियर के राजा जीवाजी राव सिंधिया सहित बडौदा के महाराजा गायकवाड़ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। बाबा साहेब को अंबेडकर नाम उनके गुरू ने दिया था। जिसका उन्होंने जीवन पर्यंत सम्मान किया और उसे शिखर पर पहुंचाया।*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को रवीन्द्र नाट्य गृह इन्दौर में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान की जिला संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सहित नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार, पूर्व राज्यसभा सदस्य नारायण सिंह केसरी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायकगण महेन्द्र हार्डिया, रमेश मैंदोला, श्रीमती मालिनी गौड़, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, सफाई कामगार आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर, सुमित मिश्र, राघवेन्द्र गौतम तथा डॉ. निशांत खरे विशेष रूप से उपस्थित थे।*



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम केन्द्र और राज्य शासन कर रही है। बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने जन्म लिया, जिस स्थान पर जहॉ पर शिक्षा पाई तथा उनसे जुड़े अन्य सभी महत्वपूर्ण स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने का काम सरकार ने किया है।*

## स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती का कार्य शीघ्रता से करें: डिप्टी सीएम शुक्ल



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती का कार्य एक निश्चित समय-सीमा का निर्धारण कर शीघ्रता से पूरा किया जाए। उन्होंने वर्तमान में चल रही भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन जानकारी भी प्राप्त की। शुक्ल ने मंगलवार को मंत्रालय में यह निर्देश स्वास्थ्य, सामान्य प्रशासन विभाग और कर्मचारी चयन मण्डल के अधिकारियों की बैठक में दिये।

### 4 मई को मनेगा भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव

# मंत्री विश्वास सारंग करेंगे शोभायात्रा का उद्घाटन, विशाल भंडारे का भी आयोजन

भोपाल ■ निसं

मध्यप्रदेश युवा कायस्थ संगठन 4 मई को भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव मनाएगा। इस अवसर पर जवाहर चौक के चित्रगुप्त मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसका शुभारंभ मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे। शोभायात्रा में ऊंट, घोड़े, बग्घी, डीजे और भगवान चित्रगुप्त की 10 फीट ऊंची प्रतिमा आकर्षण का केंद्र होंगी। शोभा यात्रा जवाहर चौक से रंगमहल चौराहा, टीटी नगर थाना, न्यू मार्केट, जी.टी.बी. चौराहा होते हुए चित्रगुप्त मंदिर पर समाप्त होगी।



**शोभायात्रा के बाद भंडारे का आयोजन:** यात्रा के समापन के बाद रवि खरे ग्रुप की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। फिर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता होगी। इस कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश युवा कायस्थ संगठन के अध्यक्ष एवं संयोजक संजीव श्रीवास्तव (संजू), डॉ. एके श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, उदय श्रीवास्तव, दीप श्रीवास्तव, राजीव सक्सेना तथा अन्य पदाधिकारी करेंगे। आयोजन में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, चित्रगुप्त समाज भोपाल, कायस्थ संसद भोपाल, ईरावती चित्रगुप्त संस्कृति एवं सामाजिक न्यास कोटरा, चित्रगुप्त समाज कोलार, श्री चित्रगुप्त मंडल (जिला चित्रगुप्त कल्याण मंडल 1100 क्वार्टर्स) और कायस्थ मंडल नगरीय क्षेत्र होशंगाबाद रोड भोपाल समेत कई संस्थाएं सहयोग कर रही हैं।

### भोपाल गैस त्रासदी से पीड़ित क्षेत्र की कई कालोनियों का लिया सैंपल

# पानी में हेवी मेटल्स जैसे कि मरकरी आर्सेनिक या पेस्टिसाइड्स है या नहीं होगी जांच

भोपाल ■ निसं

रिट याचिका क्रमांक 657/1995 रिसर्च फाउंडेशन फॉर साइंस , भारत संघ के मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य या उनके प्रतिनिधि जिसमें श्री सुनीत अग्रवाल न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्री राकेश बजाज सहायक निदेशक गैस राहत एवं पुनर्वास, श्री गर्ग अधीक्षक यंत्री एवं जेड खान कार्यपालन यंत्री नगर निगम भोपाल



एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं पीएचई के अधिकारियों व याचिकाकर्ता की ओर से नामित सुश्री रचना ढींगरा द्वारा भोपाल गैस त्रासदी से पीड़ित क्षेत्र जैसे कि निशातपुरा शिव शक्ति नगर प्रेम नगर ब्रिज विहार कॉलोनी न्यू आरिफ नगर गरीब कॉलोनी कैची छोला इत्यादि स्थानों पर निरीक्षण दिनांक 25 अप्रैल 2025 को किया था । आज शेष कालोनी/समुदायों का निरीक्षण किया गया जैसे

संत कवरराम, चौकसे नगर, रंभा नगर, अहले अदीस मस्जिद शाहीन कॉलोनी,न्यू कबाड़खाना, दुलीचंद का बाग, एकता नगर,राजगढ़ कॉलोनी, रिसालदार कॉलोनी, करीमबाग,अटल अयूब नगर, शक्तिनगर, जेपी नगर, प्रीत नगर, शंकर नगर, श्रीराम नगर, नवजीवन कॉलोनी, टिंबर मार्केट कॉलोनी, छोला मंदिर, चंदन नगर, लक्ष्मी नगर,प्रताप नगर, पुन: नवाब कॉलोनी को नगर निगम द्वारा प्रदाय किए जा रहे पानी की स्वच्छता एवं गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। उक्त टीम द्वारा जांच हेतु पानी का सैंपल लिया गया।

न्यायाधीश सुनीत अग्रवाल द्वारा बताया गया कि जिन क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा पानी नहीं दिया जा रहा है और ट्यूबवेल से पानी उपलब्ध है उन क्षेत्रों के पानी की जांच प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से करवाई जाएगी जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके की पानी में हेवी मेटल्स जैसे कि मरकरी आर्सेनिक या पेस्टिसाइड्स है या नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### सफर के दौरान 85 हजार का माल चोरी

**भोपाल।** यशवंतपुर-अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस में बैंगलोर से उज्जैन का सफर कर रहे युवक के बैग से अज्ञात आरोपी नकदी, मोबाइल समेत करीब 85 हजार का माल निकालकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार बैंगलोर के रहने वाले भरतराज पुरोहित (43) ने उज्जैन जीआरपी को लिखित शिकायत करते हुए बताया की पिछले दिनों वह परिवार के साथ यशवंतपुर अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में बैंगलोर से उज्जैन की यात्रा कर रहे थे। रात करीब डेढ़ बजे ट्रेन भोपाल स्टेशन से निकल रही थी, उसी समय सीट पर रखे उनके पिट्ठू बैग से अज्ञात आरोपियो ने उसमें रखी 20 हजार की नकदी, तीन मोबाइल समेत करीब 85 हजार रुपए का सामान उड़ा दिया। भरतराज ने मामले की शिकायत उज्जैन जीआरपी से की थी, जहां से केस डायरी आने के बाद भोपाल जीआरपी ने असल कायमी कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### एसआईटी करेगी लव जिहाद की जांच, हो सकते हैं चौंकाने वाले खुलासे

**भोपाल ।** इंदौर और भोपाल में कॉलेज छात्राओं से हुए लव जिहाद का मामला इन दिनों सुर्खियों में है। जन आक्रोश के चलते पुलिस को भी ताबड़तोड़ एसआईटी गठित करना पड़ी। अब एसआईटी इस मामले की तेजी से जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि एसआईटी मामले की जांच के लिए इंदौर भी जाएगी। मालूम हो कि फरहान नाम का आरोपी इंदौर में भी एक युवती से उसके किराए के घर में ज्यादती करने पहुंचा था, जिसकी सूचना युवती ने इंदौर पुलिस को दी थी। पुलिस ने भी मौके पर जाकर छात्रा से मुलाकात की, लेकिन उस वक्त छात्रा रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं पहुंची, जिसके चलते फरहान उस वक्त बच गया। अब एसआईटी इंदौर में इस बात की भी जांच करेगी कि फरहान कितनी बार इंदौर आया और उसने उक्त छात्रा के अलावा उसकी अन्य कितनी सहेलियों को भी निशाना बनाया। बता दें कि छात्रा के भंवरकुआं स्थित किराए के घर पर जब फरहान ने ज्यादती की थी, उस वक्त वह नाबालिग थी। यह भी जानकारी मिली कि भोपाल में पकड़े गए आरोपियों के मोबाइल में जिन युवतियों के वीडियो मिले हैं, उनमें से एक वीडियो इंदौर की छात्रा का भी है। वहीं आने वाले दिनों में लव जिहाद के इस प्रकरण में और भी कई बड़े और चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

### बंद फ्लैट में मिली बुजुर्ग की लाश, पीएम रिर्पोट से होगा मौत के कारणों का खुलासा

**भोपाल।** पिपलानी थाना इलाके में स्थित स्टीम होम्स इंद्रपुरी में एक बुजुर्ग की लाश बंद फ्लैट में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जॉच के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया की शव पुराना होने के कारण बुरी तरह से सड़ चुका था। पुलिस के अनुसार सत्यजीत सिंह हुंडल (65) फ्लैट नंबर-303, स्टीम होम्स में अकेले रहते थे। उनके पड़ोसियो ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया की सत्यजीत बीते तीन-चार दिन से नजर नहीं आये है, और उनके फ्लैट का दरवाजा भी कई दिनो से बंद है, वहीं फ्लैट के अंदर से दुर्गंध आ रही है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सफाईकर्मी को बुलाते हुए फ्लैट का दरवाजा तोड़ा। अंदर जाकर देखने पर सत्यजीत सिंह की लाश सौंफे पर पड़ी नजर आई। लाश करीब तीन चार दिन पुरानी होने के कारण के बुरी तरह से डिकंपोज हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनो ने पुलिस को बताया कि साल 2012 में पत्नी से उनका विवाद हो गया था। इसके बाद पत्नी अपनी दो बच्चियों के साथ अलग रह रही थी।

### त्रिवेणी योग में आज समृद्धि की अक्षय तृतीया

# शहर के सराफा और बर्तन बाजार आज अलसुबह से देर रात तक खुले रहेंगे

भोपाल ■ निसं

पवित्र वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की समृद्धि भरीं तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का पर्व बुधवार को विभिन्न योगों में मनाया जाएगा। शहर के मंदिरों में अक्षय तृतीया पर विभिन्न अनुष्ठानों होंगे, ब्राह्मण समाज भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकालेगा वहीं सामुहिक विवाह की धूमधाम शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में रहेंगी।

अक्षय यानी कभी नष्ट न होने वाली खरीदारी के लिए शहर का सराफा और बर्तन बाजार अलसुबह से देर रात तक खुला रहेगा वहीं शहर के इलेक्ट्रॉनिक बाजारों के साथ आटोमोबाइल संस्थान पर भी शुभ मुहूर्त में खरीद की जाएगी। मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर जो चीज पाई या खरीदीं जाती है वो हमेशा पास रहेगी। अस दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है। इसलिए जीवन के सबसे बड़े मौकों और फैसलों के लिए ये दिन शुभ है। शादी के लिए भी इसे श्रेष्ठ मुहूर्त माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदा सोना घर में स्थायी समृद्धि लाता है। यह समय के साथ बढ़ता ही जाता है। श्रीमद्भागवत के अनुसार समुद्र मंथन में लक्ष्मी जी सोने के आभूषण पहनकर प्रकट हुई थीं। इसलिए सोने को लक्ष्मी जी से प्रकट हुआ मानते हैं। सोना, चांदी, व्हीकल, प्रॉपर्टी, कपड़े व अन्य कीमती चीजें खरीदना शुभ माना जाता है। नए बिजनेस या नौकरी की शुरुआत, विवाह, गृह प्रवेश या निवेश अक्षय फल देता है। आचार्य पं रामचन्द्र शर्मा वैदिक ने बताया कि 29 अप्रैल को शाम 5:32 बजे से 30 अप्रैल की दोपहर 2:25 बजे तक अक्षय तृतीया की तिथि रहेगी। उदय तिथि में 30 अप्रैल को शुभ अक्षय तृतीया मनाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि अक्षय तृतीय को किए गए दान, पुण्य, जप और तप का फल कभी नष्ट नहीं होता है।



### विभिन्न योगों में इस बार शुभ फलदाई रहेंगी अक्षय तृतीया

इस साल अक्षय तृतीया पर त्रिवेणी , सर्वार्थ सिद्धि योग, शोभन योग और रवि योग बन रहे हैं। यह सभी ही अद्भुत योग हैं। सर्वार्थ सिद्धि योग में जो भी काम किया जाता है, वह सिद्ध हो जाता है। शोभन योग शुभता का संकेत देते है और रवि योग काम में सफलता दिलाता है। ऐसे में इन योगों में पूजा, जप, तप और दान का विशेष महत्व है।

### हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का है महत्वपूर्ण महत्व

अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है, क्योंकि सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत इसी दिन हुई थी। इस दिन भगवान विष्णु ने नर-नारायण और परशुराम का अवतार लिया था। समुद्र मंथन में महालक्ष्मी का प्रकटीकरण भी इसी दिन माना जाता है। वहीं श्री गणेश ने महाभारत लिखना भी शुरू किया था।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्राओं के लाभार्थ प्रश्न बैंक कार्यशाला का आयोजन

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राओं को मिलेगी सहायता



भोपाल ■ निसं

सरोजिनी नायडू शासकीयप्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राओं की सहायता कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा स्नातकोत्तर कक्षाओं के पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्न बैंक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राओं की सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए किया गया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डा दीप्ति श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में हिन्दी विषय के विशेषज्ञों द्वारा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नों को तैयार किया गया। सभी विषय विशेषज्ञों ने सक्रिय सहयोग एवं उपयोगी प्रश्नावली तैयार कर कार्यशाला को सफल सिद्ध किया। प्राप्त सभी प्रश्नावली की एक पुस्तिका तैयार की जायेगी । हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डा कीर्ति शर्मा ने जानकारी दी कि इस समय अध्ययन रत छात्राएँ यूपीएससी, बैंकिंग क्षेत्र के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हिन्दी विषय को लेकर कर रहीं हैं अत: उनके लाभार्थ तथा प्रश्न पत्रों के प्रारुप से छात्राओं को अवगत कराने हेतु इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के शिक्षक डा के बी राय उपस्थित रहे।

# तेज स्पीड कार ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत

भोपाल ■ निसं

नजीराबाद इलाके में तेज रफ्तार कार ने बाइकसवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हुआ है,जिसका उपचार जारी है। इसी थाना इलाके में हुए एक और हादसे में दो भाई घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रमहा में रहने वाला विशाल सिंह (22) सोमवार की शाम करीब चार बजे वह अपने दोस्त आजाद के साथ बाइक पर सवार होकर निजी काम के चलते जा रहा था। ग्राम खजूरिया जोड़ के पास पहुंचने पर तेज रफ्तार कार ने विशाल की बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से दोनो चलती बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद विशाल को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिकले पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। वहीं घायल साथी का अस्पताल में भर्ती



कर इलाज किया जा रहा है। मर्ग कायम कर पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार की पहचान कर ली है, जिसके चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। इसी थाना इलाके में हुए दूसरे हादसे की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया की ग्राम करारिया जिला विदिशा का रहने वाला नीलेश अहिरवार (24) सोमवार को अपने भाई रंजीत अहिरवार के साथ बाइक से अपने गांव से ग्राम आंकिया में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। दोपहर करीब तीन बजे आंकिया जोड़ के पास पहुंचने पर ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल दोनों भाईयो को इलाज के लिये अस्साल पहुंचाया गया। मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

### लव मैरिज के बाद पति से अलग रह रही थी महिला

# कैफे संचालक की प्रताड़ना के कारण महिला ने छत से कूदकर की थी आत्महत्या

भोपाल ■ निसं

ईटंखेड़ी थाना इलाके में बीते दिनो महिला द्वारा छत से कूदकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने कैफे संचालन करने वाले युवक के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का मामला कायम किया है। महिला कैफे में ही काम करती थी। युवक ने दूसरी लड़की से शादी कर ली थी, इसके बाद भी वह महिला को परेशान कर रहा था। दोनों के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर भी विवाद था, वहीं वह वह महिला की हर हरकत पर नजर रखता था। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना इलाके में स्थित गॉव में 33 वर्षीय रानी परिवार के साथ रहती थी। 9 अप्रैल की रात करीब तीन बजे परिवार वाले उसे छत



से गिरने पर नाजूक हालत में इलाज के लिये पीपूल्स अस्पताल लेकर पहुंचे थे। हॉस्पिटल में कुछ घंटो बाद ही रानी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंपं दिया। शुरूआती जॉच में परिवार वालो ने पुलिस को बताया की रानी ने पूर्व में एक युवक से प्रेम विवाह किया था। लेकिन बाद में वह अपने पति से अलग होकर मायके में रहने लगी थी। दोनों के बीच तलाक का केस भी चल रहा था। मायके में रहने के दौरान ही वह एक कैफे में काम करने लगी थी। यहां पर काम करने के दौरान उसके कैफे के संचालक उमेश प्रजापति से नजदीकी संबंध हो गए थे। वह अक्सर महिला से शादी करने की बात भी करता था, लेकिन पिछले दिनों उमेश ने किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली। दूसरी लड़की से शादी करने के बाद भी वह महिला का पीछा नहीं छोड़ रहा था। वह महिला की हर बात पर नजर रखते हुए टोका-टाकी करता था। महिला कहीं भी जाए तो वह मोबाइल फोन पर उसकी लोकेशन मांगता था। इसके अलावा दोनों के बीच बातचीत घटना वाले दिन रात में भी उसका कॉल आया था।

### आज बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

**भोपाल ।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 30 अप्रैल (परशुराम जयंती) को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस (श्चशह्य) मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे।

### राज्यमंत्री गौर ने निर्माण एजेंसी को दिये निर्देश

# अयोध्या बायपास चौड़ीकरण का कार्य एक जून से शुरू होगा



भोपाल ■ निसं

भोपाल में रत्नागिरी से आशाराम तिराहे तक 16 किलोमीटर लंबे अयोध्या बायपास मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य एक जून से शुरू होगा। इस मार्ग की चौड़ीकरण की लागत 836 करोड़ रूपये है। इसे 2 वर्ष की समयावधि में पूरा किया जायेगा। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने मंगलवार को मंत्रालय निर्माण एजेंसी एनएचएआई के अधिकारियों और संबंधित विभागों के अन्य अधिकारियों निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि निर्माण के दौरान आने वाली किसी भी कठिनाई के निराकरण के लिये अधिकारियों से तुरंत संपर्क करें। कठिनाई का तुरंत निराकरण किया जायेगा। इस कार्य में विलंब नहीं होना चाहिए, 2 वर्ष की तय समय-सीमा में तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश का आदर्श रोड होगा। इसमें फ्लाई ओवर आदि का निर्माण भी शामिल है। एनएचएआई के इस प्रोजेक्ट के डारेक्टर देवांश नरवाल ने बताया कि अयोध्या बायपास चौड़ीकरण का कार्य तय समय-सीमा में पूरा होगा।

### तीन आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस, बीएनएस की धारा 196 का इजाफा

# वर्दी पर हमला कर फाड़ने वालों ने लगाये पुलिस हमारी बाप है के नारे

भोपाल ■ निसं

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर शराब पीने से मना करने पर ड्यूटी पर तैनात जीआरपी जवान से मारपीट कर उसकी वर्दी फाड़ने वाले तीनों मुख्य आरोपियों को जीआरपी भोपाल ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेलवे राहुल कुमार लोढ़ा और उप पुलिस अधीक्षक बिट्टू शर्मा के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का हबीबगंज इलाके में जुलूस निकाला। इस दौरान , आरोपी पुलिस हमारी बाप है, पुलिस पर हाथ उठाना पाप है के नारे लगाते नजर आए। गौरतलब है कि 26-27 अप्रैल की दरम्यानी रात करीब 1:30 बजे रानी कमलापति स्टेशन परिसर की पार्किंग में एक कार में महिला सहित तीन युवक शराब पी रहे थे। मौके पर



ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक नजर दौलत खॉन ने जब उन्हें शराब पीने से मना करते हुए वहॉ से जाने को कहा तब आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौच करते हुए पुलिस वाहन में ही उनके साथ जमकर मारपीट करते हएु वर्दी फाड़ दी। इतना ही नहीं आरोपी ने धार्मिक आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां भी कीं। बाद में भीड़ का फायदा उठाकर दो आरोपी और महिला मौके से फरार हो गए, जबकि एक आरोपी जितेंद्र यादव को मौके से ही पकड़ लिया गया था। अधिकारियो ने बताया की जीआरपी ने आरोपियों की तलाश के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने लगातार लांबाखेड़ा, करोंद, भानपुर और चौपड़ा जैसे इलाकों में दबिश देते हुए आखिरकार मंगलवार को आरोपियो को मनोहर डेरी, भोपाल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से काली स्कॉर्पियो भी जब्त की गई है, जिसका इस्तेमाल घटना के समय किया गया था।

गिरफ्तार आरोपियो के नाम दिलीप अहिरवार (3), निवासी रुस्तमपुर, थाना निशातपुरा और अमन यादव बताये गये है। गौरतलब है कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी दिलीप अहिरवार ने घटनास्थल पर भीड़ को भड़काने के इरादे से पिट रहे साथी पुलिस जवान नजर दौलत खॉन को बचाने आये अन्य पुलिसकर्मियों से कहा था की, तुम हट जाओ, तुम हिन्दू भाई हो, ये पुलिस वाला मुसलमान है। इस बयान को गंभीर मानते हुए पुलिस ने मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 196 बीएनएस का इजाफा किया है। जीआरपी ने आरोपियों के साथ मौजूद युवती को हिरासत में लिया। उस पर 151 के तहत कार्रवाई की गई है। रेल एसपी राहुल लोढ़ा ने बताया एक बदमाश की पहचान पवन यादव और दूसरे की अहिरवार के रूप में हुई। मामले का मास्टर माइंड अहिरवार बताया जा रहा है। जीआरपी ने आरोपियों के साथ मौजूद युवती को हिरासत में लेते हुए उसके खिलाफ 151 के तहत कार्रवाई की है। रेल एसपी राहुल लोढ़ा ने बताया अमन के खिलाफ दो और दिलिप के खिलाफ 3 अपराधिक प्रकरण निशातपुरा थाने में दर्ज है।

संक्षिप्त समाचार

## सहकारी बैंक कर्मी को किया सेवा से बर्खास्त

**खरगोन।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरगोन की मण्डी शाखा खरगोन में पदस्थ बैंकिंग सहायक मोनिका माहेष्वरी को लम्बी अवधि से अपने पदस्थगी स्थान से बिना सक्षम स्वीकृति के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। बैंक प्रबंध संचालक पीएस धनवाल द्वारा बताया गया कि मोनिका माहेष्वरी अपने कर्तव्य स्थल से मई 2022 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थी, इस संबंध में उनको अनेको बार सूचना पत्र देते हुए कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होने हेतु सूचना दी गई। समाचार पत्रों के माध्यम से भी उन्हे अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होने हेतु आगाह किया गया। किन्तु वह निरन्तर रूप से अनुपस्थित रही, इस कारण बैंक कर्मचारी सेवा नियमानुसार प्रकरण बैंक स्टॉफ उप समिति मे रखा जाकर मोनिका माहेष्वरी को सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया है। प्रबंध संचालक द्वारा समस्त बैंक कर्मचारियों को आगाह किया है कि कोई भी कर्मचारी बिना सक्षम स्वीकृति के अवकाष पर प्रस्थान नही करे, अन्यथा बैंक प्रबंधन बैंक कर्मचारी सेवा नियमानुसार, किसी भी प्रकार की कठोर कार्यवाही करने से पीछे नही हटेगा।





## दुल्हा दुल्हन ने ली जल संरक्षण संवर्धन की शपथ

**सोहागपुर।** मप्र जन अभियान सोहागपुर जिला नर्मदापुरम में पिछले एक माह सै जल गंगा संवर्धन अभियान माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। जिसके चलते ग्राम टेकापार में चौपाल का आयोजन किया गया। था। वही पास में समाज सेवा के रुप में प्रसिद्धि संत भूरे लाल जी भी कार्यक्रम में शामिल थे। जिन्होंने गरीब बच्चियों की शादी का संकल्प के साथ सकल समर्थ भारत हेतु अभियान चलाया जाता हैं। ने आश्रम में एक जोडे की निशुल्क शादी एवं स्वयं ने ही उनके दहेज समाग्री व्यवस्था की ने जन अभियान परिषद् के कार्यक्रम को देख इतने प्रसन्न हुए। और सभी समिति सदस्य व छात्रों के साथ विकास खंड समन्वयक किशोर कड़ोले को शादी समारोह में ले गये जहां लगभग 150 की संख्या में बराती घराती व ग्रामीण जन उपस्थित थे। ले गये और सभी उपस्थित जनों के समक्ष परिषद् का परिचय कराया। और परिषद् के कार्यो से अवगत कराया। तथा जल गंगा संवर्धन तथा संरक्षण पर संगोष्ठी की सभी उपस्थित जनों को शपथ दिलाई। परंतु विशेष शपथ दुल्हा दुल्हन को बरमाला के उपरांत गंगा देकर संकल्प फिर परामर्शदाता श्याम सिंह मीना जी द्वारा दुल्हा दुल्हन व उपस्थित जनो को शपथ दिलाई। महाराज भूरेलाल जी जी द्वारा 21 जोड़ो का विवाह कराया जा चुका है।

### अक्षय तृतीया पर इंदौर के बाजारों में बंपर खरीदारी की उम्मीद

# सोने-चांदी, बर्तन, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स के सजे बाजार

**इंदौर ■ निसं**

अक्षय तृतीया 2025 पर इंदौर के बाजारों में बंपर खरीदारी की उम्मीद जताई जा रही है। सोना, चांदी, बर्तन, कपड़े, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक्स सभी क्षेत्रों में ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। अक्षय तृतीया पर बाजार को बंपर खरीदारी की उम्मीद है। सोना चांदी के साथ वाहन, कपड़ा, बर्तन और इलेक्ट्रानिक्स का बाजार भी सजा हुआ है। व्यापारियों को उम्मीद है कि इस बार हर क्षेत्र में ग्राहक जमकर खरीदारी करेंगे। एक सप्ताह पहले से बाजारों में तैयारी चल रही है और आज इंदौर के सभी बाजार सजे हुए हैं। सर्राफा बाजार के कारोबारियों का मानना है कि कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद इस अक्षय तृतीया पर उपभोक्ता सोना खरीदना जारी रखेंगे। इलेक्ट्रानिक्स में ढेरों आफर चल रहे हैं और वाहनों के बाजार में नए माडल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। ज्वेलर्स के अनुसार, ग्राहक अक्षय तृतीया के दिन यानी 30 अप्रैल 2025 को सोने की दरों को देखकर अपनी खरीदारी का निर्णय ले सकते हैं, जिससे कुछ हद तक बिक्री प्रभावित हो सकती है। हालांकि लोगों की परंपरागत मान्यता और शुभ मुहूर्त के कारण सोने की मांग बनी रहने की संभावना है।

**ऑफर्स और छूट से बिक्री को मिल सकती है रफ्तार:** ज्वेलर अशोक मित्तल बताते हैं कि इस बार ग्राहक शुभ अवसर और परंपरा के अनुसार खरीदारी करना पसंद करेंगे, हालांकि महंगे सोने के कारण यह खरीदारी मुख्यत: हल्के वजन वाले गहनों और पुराने गहनों के बदले नए गहनों की होगी। ज्वेलर्स इस अवसर पर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए गहनों की बनवाई पर छूट और आकर्षक ऑफर दे रहे हैं। लाइट वेट ज्वेलरी पर विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें कुछ खास खरीदारी पर 0.5 ग्राम सोने का सिक्का मुफ्त, डायमंड गहनों पर 60 प्रतिशत तक की छूट और बनवाई पर 100 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है।



#### कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद बनी हुई है खरीदारी की रुचि

इस बार अक्षय तृतीया पर सोने की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं, हालांकि बीते कुछ दिनों में इसमें गिरावट भी देखी गई। इसका मुख्य कारण मुनाफाखोरी और अमेरिकी डॉलर की मजबूती के प्रति नई दिलचस्पी बताया जा रहा है। बावजूद इसके, भारतीय उपभोक्ताओं में सोने की खरीद को लेकर उत्साह कायम है। लोग कम वजन वाले आभूषणों, डिजिटल गोल्ड, गोल्ड ईटीएफ, सिक्कों और बार में विशेष रुचि दिखा रहे हैं। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि कीमतों में उतार-चढ़ाव से अस्थायी असर पड़ेगा लेकिन आस्था और निवेश दोनों दृष्टिकोण से खरीदी बरकरार रहेगी।

#### महंगे सोने के बावजूद निवेश के लिए बनी हुई है ग्राहकों की रुचि

सराफा बाजार के वरिष्ठ ज्वेलर राजेश सिंघल का कहना है कि सोने की रिकॉर्ड कीमतों के बावजूद ग्राहकों की भावना मजबूत बनी हुई है। सोना आज भी निवेश और समृद्धि का प्रतीक बना हुआ है। उन्हें उम्मीद है कि इस अक्षय तृतीया पर बिक्री में इजाफा होगा, भले ही वॉल्यूम पिछले वर्ष की तुलना में कम हो। उनका कहना है कि मूल्य के लिहाज से बिक्री में वृद्धि संभव है, जो वॉल्यूम की कमी को संतुलित करेगी। सिक्कों और बार की बुकिंग पहले से शुरू हो चुकी है, हालांकि यह पिछले साल की तुलना में थोड़ी कम है। फिर भी त्योहारी भावनाओं के चलते बिक्री को लेकर बाजार आशावादी है।

### अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा समाज को संस्कारित कर रहा गायत्री परिवार

## यज्ञ आहुतियों की सुगंध से महका क्षेत्र आज किया जाएगा प्रसादी का वितरण



**सीहोर ■ निसं**

शहर के सैकड़ाखेड़ी पर शांतिकुंज हरिद्वारा के मार्गदर्शन में शक्ति संवर्धन विराट 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ बहुत ही भव्य और दिव्य है। गायत्री परिवार समाज में संस्कार के बीज बो रहा है। यहां पर आचार, विचार, व्यवहार व संस्कार से युक्त व्यक्ति ही जीवन के हर क्षेत्र में तरक्की करता है। गायत्री परिवार का मूल मंत्र पहले खुद सुधरो, फिर जग सुधरेगा इसी पर आधारित है। हमें स्वयं में बदलाव लाना होगा। उक्त विचार अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे।

शक्ति संवर्धन विराट 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के तृतीय दिवस अंतराष्ट्रीय कथा वाचक श्री मिश्रा का आगमन हुआ, उन्होंने अथिति देवोभव की परम्परा का उल्लेख करते हुए शातिकुंज टोली की ब्रह्मवादिनी का स्वागत वंदन किया और कहा कि ब्रह्मवादिनी बहिनों द्वारा वेदमंत्रो के सस्वर समूहिक उच्चारण उन्हें बहुत अच्छा लगा, मंत्रोचार की पावन ध्वनि से सीहोर नगर धन्य हुआ है। उन्होंने इस पुण्य कार्य को सीहोर नगर मे आयोजित किये जाने बाबत गायत्री परिवार सीहोर और शक्तिकुंज हरिद्वार की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया. मंगलवार को प्रात: काल यज्ञ आहुतियों के साथ 60 दीक्षा, 05 यज्ञोपवीत, 10 विद्यारम्भ, 10 पुंसवन, और 05 नामकरण संस्कार सम्पन्न हुए।

यज्ञ स्थल पर सुसज्जित गायत्री माता का मंदिर, सेल्फी पॉइंट गायत्री कल्पवृक्ष, ऋषियों का यज्ञदर्शन, युगऋषि, वेदमूर्ति पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित 3200 पुस्तकों की जीवन निर्माण आधारित विभिन्न पुस्तकों की विशाल रेंज और गायत्री परिवार की विभिन्न ऑनलाइन गतिविधियों तथा ऑडिओ बुक्स की गैलरी एवं प्रदर्शनी श्रद्धांलुओं के अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

### निर्मल नर्मदा अभियान के अंतर्गत

# निर्मल नर्मदा - एक बेहतर कल की ओर एक कदम- जल है तो कल

**बुदनी ■ बसंत मांझी**

हमें गर्व है कि हमने नर्मदा नदी के आंवली घाट पर 100 से अधिक स्वयंसेवकों और स्थानीय लोगों के साथ पृथ्वी दिवस सप्ताह मनाया।

इस सप्ताह के दौरान ट्राइडेंट ग्रुप की सी एस आर (ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाउंडेशन) इकाई ने स्थानीय प्रशासन, ग्रामीणों एवं स्वयंसेवकों के साथ मिलकर सफलतापूर्वक निर्मल नर्मदा अभियान का शुरुआत किया। सभी ने मिलकर आंवली घाट की सफाई और पुनरुद्धार का कार्य किया और प्रकृति के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया।

इसमें ट्राइडेंट ग्रुप के चेयमैन पद्म राजिंदर गुप्ता जी एवं सी एस आर प्रमुख श्रीमती मधु गुप्ता जी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस अवसर पर दिनेश सिंह तोमर, एस डी एम बुदनी एवं नितिन मल्होत्रा के सानिध्य में सी एस आर टीम के अरविंद गिरी व उनकी टीम के साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव सहित 100 से अधिक स्वयंसेवकों और स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और इस पुनीत कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। आइए, हम सभी मिलकर एक स्वच्छ और हरित पृथ्वी के लिए काम करना जारी रखें!



## उज्जैन में जैन स्थानक पर पथराव, साध्वियां बाल-बाल बचीं

**उज्जैन।** नीमच में जैन संतों पर हमले के 15 दिन बाद उज्जैन में भी सोमवार रात को अज्ञात हमलावरों ने जैन स्थानक पर पत्थरबाजी की। इससे भवन के शीशे टूट गए। अरविंद नगर स्थित जैन समाज के समता भवन स्थानक में उदयपुर से आई साध्वी प्रज्ञा, साध्वी प्रेक्षा, साध्वी प्रणति, साध्वी प्रशस्ति ठहरी हुई हैं। गनीमत ये रही कि स्थानक में सो रही इन साध्वियों को चोट नहीं लगी। मंगलवार सुबह जैन समाज के लोगों को तोड़फोड़ की खबर लगी तो स्थानक के बाहर भीड़ लग गई। लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए चिमनगंज मंडी थाने में शिकायती आवेदन दिया है। स्थानक ट्रस्ट के शुभम सूर्या ने बताया कि विवाद सोमवार शाम को हुआ। भोजन के बाद साध्वियां स्थानक के सामने स्थित बगीचे के पास पात्र (बर्तन) धो रहीं थी।

## अप्रैल माह में बैलास्ट क्लीनिंग मशीन की उपयोगिता का प्रतिशत भारतीय रेल में अव्वल

**जबलपुर ■ निसं**

भारतीय रेलवे में रेलवे ट्रैक मेन्टेनेंस के लिए भी मॉर्डन टेक्नोलॉजी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप रेल गति एवं एक्सल लोड की क्षमता में वृद्धि हो रही है। रेल ट्रैक को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। साथ ही गुणवत्तायुक्त रखरखाव के लिए आधुनिक तकनीक की मशीनों के इस्तेमाल से संरक्षा में वृद्धि हुई है।

इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा नई आधुनिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। इन नई तकनीक की आधुनिक मशीनों के द्वारा रेल ट्रैक के रखरखाव से संबंधित अनेकों प्रकार के कार्य सरलता से किये जाते हैं। इन नई तकनीक की मशीनों के द्वारा कार्य में लागत अत्यधिक कम आती है, और रेल ट्रैक की भारी संरचना के कार्य को भी सरल एवं सुरक्षित तरीके से सम्पादित किया जा रहा है।

पश्चिम मध्य रेल में पाँच प्रकार की टैम्पिंग मशीन को उपयोग कर रेलवे ट्रैक का रखरखाव उच्च



तकनीक से किया जा रहा है। जिसमें 3X/सीएसएम/ डब्ल्यूएसटी/ एमपीटी मशीनों, बीसीएम मशीन, टी-28 मशीन (टर्नआउट रिन्युअल मशीन), यूएनआईएमएटी मशीन (टर्नआउट टैम्पिंग मशीन) एवं एफआरएम (शोल्डर ब्लास्ट क्लीनिंग मशीन) मशीन शामिल है। जिसमें 3ङ्क, सीएसएम, डब्ल्यूएसटी एवं एमपीटी मशीनों के द्वारा मेन ट्रैक का अनुरक्षण कार्य किया जाता है। जबकि बैलास्ट क्लीनिंग मशीन (बीसीएम) से ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग कार्य किया जाता है। बैलास्ट क्लीनिंग मशीन (बीसीएम) की उपयोगिता के मामले में चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह में पश्चिम मध्य रेल सम्पूर्ण भारतीय रेलवे में सर्वोच्च स्थान पर है।

## चार दिवसीय होगा भगवान परशुराम प्रकटोत्सव समारोह

**माखननगर ■ निसं**

सर्व ब्राह्मण समाज संगठन इस वर्ष भगवान परशुराम के प्राकट्य उत्सव को धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाने की तैयारी कर चुका है द्य सर्व ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी रमेश तिवारी ने बताया कि इस चार दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस 30 अप्रैल बुधवार को शाम 4ः बजे से 6ः00 बजे तक भगवान परशुराम जी का पूजन अभिषेक व महाआरती की जाएगी। द्वितीय दिवस गुरुवार को दोपहर 2ः बजे से शाम 6ः बजे तक महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता व 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

समारोह के तृतीय दिवस शुक्रवार को 12ः बजे से 5ः तक सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा जिसमें भवन भूखंड दानदाता, कक्ष निर्माण दानदाता व समाज के वरिष्ठजनों, पांडित्य कर्मियों, विप्रबंधु संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारी गण, महिला मंडल पदाधिकारी, एवं अन्य सामाजिक मातृ शक्तियों, सामाजिक पत्रकार बंधुओ आदि का सम्मान किया जाएगा।



चतुर्थ दिवस पर शाम 4 बजे पटेल मोहल्ला स्थित परशुराम भवन से भगवान परशुराम की विशाल शोभा यात्रा निकाली जायेगी शाम 6 बजे से महाप्रसादी का वितरण। संगठन ने सभी बिप्रजनों से सामिल रहने का आग्रह किया है।

## गुरुजनों ने बताया था कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है और एकता में शक्ति है

**खरगोन ■ निसं**

प्राथमिक शाला में हमारे गुरुजनों ने बताया था कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है और एकता में शक्ति है। इसी तर्ज पर टेराग्लेब एवं निमाडफ्रेश एफ पी ओ ने गुजरात के राजकोट शहर में 26 जिलों से आए 1050 किसानों को दिनांक 27 अप्रैल 2025 को रेसीडयू फ्री मिर्च की खेती एवं मिर्च के एक्सपोर्ट के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान की। अवशेष मुक्त मिर्च उत्पादन की यह कार्यशाला नैनोंबि बायोईनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड एवं भूमि कथा फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित हुई।

इस कार्यशाला में किसानों को मिर्च उत्पादन के उपयुक्त मृदा, उपयुक्त बीज चयन, संकलित पोषण प्रबंधन, संकलित कीट प्रबंधन, प्राथमिक प्रसंस्करण एवं उसके एक्सपोर्ट से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में पधारे सभी किसानों को अवशेष मुक्त मिर्च की खेती के महत्व को समझाया गया। इसमें किसानों को सचेत किया की अगर हम मिर्च को एक्सपोर्ट करने के बारे मे सोच रहे है तो हमें अनिवार्य रूप से अवशेष मुक्त मिर्च उत्पादन करना होगा क्योंकि विकसित देशों में कई कीटनाशक प्रतिबंध है जो हमारे यह दैनिक रूप से उपयोग हो रहे है। कार्यशाला में पधारे सभी किसानों ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर चर्चा में हिस्सा लिया एवं प्रण किया कि हम अवशेष मुक्त खेती के लिए सम्पूर्ण प्रयास करेंगे जिससे कि मानव स्वास्थ्य पर होने वाले कीटनाशकों के विपरीत प्रभाव को कम किया जा सके।




## सहकारी बैंक में सामने आया 8.85 करोड़ का घोटाला, पैसा जमा करने वाले तरस रहे दाने-दाने को

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले की नेपानगर तहसील स्थित नागरिक सहकारी बैंक में करीब 8.85 करोड़ रुपये के गबन करने का बड़ा मामला सामने आया है। यहां वर्षों से अपनी जमा पूंजी को बैंक में नकदी जमा करने वाले जमाकर्ताओं के परिवार भूखमरी के साथ ही बीमारी की हालत में इलाज तक न कर पाने को लेकर मजबूर हैं। बीते दो साल से वे सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन अब तक उनकी सुनवाई नहीं हुई है। वहीं, मंगलवार को भी इनमें से कई लोग जिला कलेक्टर से मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने इसे महा घोटाला बताते हुए अपनी जमा पूंजी वापस दिलाए जाने के साथ ही उस पर मिलने वाले ब्याज को लेकर भी जिला कलेक्टर से गुहार लगाई।

## राज्य शिक्षक संघ ने पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**बुदनी ■ निसं**

राज्य शिक्षक संघ ब्लॉक बुदनी द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुदनी में कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में निर्दोष पर्यटकों पर हुए दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय हमले की कठोर निंदा करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई हैं।

राज्य शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरदयालसिंह आजाद ने कहा कि इस क्रूर कृत्य ने सम्पूर्ण मानवता को झकझोर दिया है। हम उन सभी निर्दोष पर्यटकों के असमय निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और उनकी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। यह आघात न केवल उनके परिवारों, बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। राज्य शिक्षक संघ इस दुखद घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ अपनी संवेदनाएँ प्रकट करता है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है। हम सरकार से भी यह आग्रह करते हैं कि दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। श्रद्धांजलि देने वालों में हरदयालसिंह आजाद, भूपेंद्र सिंह, प्राचार्य डॉ ओ पी यादव, सुरेन्द्र जमालिया, नवीन तनेजा, हेमसिंह चौहान, प्रभात शर्मा, डी एस राणा, माखन यादव, नमिता तिवारी, दुर्गा वर्मा, संध्या खत्री, रसना परते, ममता मांझी, निर्मला धुर्वे, ज्योति दुबे, सरोज राजपूत, किरण राजोरिया, सीमा दुबे, मधु मालवीय, प्रत्याशा पांडे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्राम सरपंच एवं ग्रामीणों ने एसडीएम से बांस के रखरखाव और कटिंग के लिए मांगी परमिशन

# ग्राम भरलाय के पास हरदा नर्मदा पुरम मार्ग के दोनों ओर लगे बांस के झाड़ से 1100 के. वी.की विद्युत लाइन से टकराने से लाइट हो रही बंद

**सिवनी मालवा ■ निसं**

सिवनी मालवा नगर एवं ग्राम भरलाय के निवासी इन दोनों बार-बार बिजली जाने की समस्या से परेशान है क्षेत्र में थोड़ी बहुत भी हवा चलती है तो लाइट बार-बार बंद हो रही है विद्युत विभाग के कर्मचारियों से इस विषय में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम धरम कुंडी और भिलट देव के पास बास के जो वृक्ष लगे हैं एवं ग्राम भरलाय के पास हरदा नर्मदा पुरम मार्ग के दोनों साइड मैं लगे बास के झाड़ हवा चलने पर 11 के. वी. विद्युत लाइन से टकराने से बार-बार लाइट लगातार बंद हो रही है। जिसे चालू करने के बाद हवा चलने पर बंद हो जाती है इन वृक्षों को वन विभाग काटने मैं असमर्थता दिखाते हुए हाथ खड़े कर देता है जिससे सिवनी मालवा सहित ग्राम भरलाय की लाईट बंद हो रही हैं,। जिससे ग्राम भरलाय के ग्रामीणों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के तत्कालीन विधायक पूर्व वन मंत्री स्वर्गीय सरताज सिंह के द्वारा मुख्य मार्ग के दोनों तरफ खाली पड़ी जगह में वृक्षारोपण कराय था आज उनकी उनकी जिम्मेदारी से वन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग पीछे हट रहे हैं उनकी देखरेख करने वाला आज कोई बचा ही नहीं। जिसमें सिवनी मालवा से ग्राम भरलाय तक बास के पौधे लगाए जो बढ़कर ऊंचे और घने होने के कारण वहां से गुजरने वाली 1100 किलो वाड विद्युत के तारों से टकराने लगे हैं इन वृक्षों कोई समय लावारिस छोड़ दिया गया है जिस फॉरेस्ट विभाग ने वृक्षारोपण कराया गया था वह भी अब इनकी देखरेख से पालन झड़ रहा है इन बस के वृक्षों को फॉरेस्ट विभाग ने अपने अंदर में लेने से इनकार कर दिया है तो वही लोक निर्माण विभाग भी इनके देखरेख नहीं कर रहा है जिसके कारण गेहूं की कटाई के बाद किसानों के द्वारा खेत को साफ करते समय भी नलवाई की आग से इन वृक्षों को नुकसान होता है तो वही विद्युत विभाग की लाइन ऊपर से गुजरने से इनके टकराने से आज जानी होने की संख्या बनी रहती है तो वही करंट फेंकने से दुर्घटना होने का जानकारी भी बना रहता है और हवा और आंधी चलने सके कारण विद्युत के तार से बास से टकराने से ग्रामीण क्षेत्र की लाइट भी बार-बार बंद होती है जिससे ग्रामीण जन परेशान है।



इस संबंध में ग्राम पंचायत भरलाय के सरपंच सुगना प्रेम किशोर बनेटिया (मुन्ना) का कहना है कि ग्राम-पंचायत भरलाय मे जव से फॉरेस्ट द्वारा बास लगाया गया उसमें पूरे ग्राम पंचायत भरलाय के निवासी बहुत परेशान हैं कही बार शिकायत की आज तक कोई कार्रवाई नही हुई और एम पी विभाग मे भी कर्मचारी नही होने से ग्राम बासी द्वारा ही बास काटे जाते हैं मैं फॉरेस्ट विभाग से विशेष निवेदन करके यह कह रहा हू की बास कटवाया जाए नहीं तो आगे कार्यवाई की जाए की।

## अनमोल वचन

प्रोध में मनुष्य अपने मन की बात नहीं कहता, वह केवल दूसरों का दिल दुखाना चाहता है।
**प्रेमचंद**

हमारी पहचान हमेशा हमारे द्वारा छोड़ी गई उपलब्धियों से होती है।
**अमरीकी कहावत**

## सम्पादकीय

### फर्जी दस्तावेजों के सहारे सरकारी खजाने को अरबो का नुकसान

*केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने मध्य प्रदेश के शराब कारोबारियों से जुड़े हुए फर्जीवाडे को लेकर 11 शराब कारोबारी के 18 ठिकानों पर छापेमारी की है। इस छापामारी में 49 करोड़ 42 लाख रुपए की धोखाधड़ी और सरकारी खजाने मे और वह रुपए की डकैती डालने का मामला सामने आया है। ईडी ने मनी लॉड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई की है। जांच एजेंसी को छापे के दौरान कई ऐसे दस्तावेज और जानकारियां प्राप्त हुई हैं, जिससे करोड़ों-अरबों रुपए का किया गया घोटाला मध्य प्रदेश में उजागर हुआ है। मध्य प्रदेश में 2015-16 मे पहली बार यह मामला उजागर हुआ था। उस समय इस मामले को दबा दिया गया था। हाल ही में ईडी की टीम ने जब छापा मारकर जांच शुरू की। उसके बाद एक के बाद एक नए फर्जीवाड़े की परतें खुलकर सामने आनी शुरु हो गई हैं। 2015-16 से 2017-18 के बीच चालानो में फर्जीवाडा किया गया। जिससे सरकार को अरबो रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। बैंक गारंटी के रूप में फर्जी गारंटी प्रस्तुत की गई। शराब कारोबारियों द्वारा दस्तावेजों में हेराफेरी करके करोड़ों रुपए का नुकसान सरकारी खजाने को पहुंचाया गया। सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से शराब कारोबारी फर्जीवाड़ा कर रहे थे। इस लूट में सभी शामिल थे। जब मामला सामने आया, तब तत्कालीन आबकारी मंत्री की भूमिका संदेहासप्रद रही। आबकारी विभाग के जिस अधिकारी संजीव दुबे की सरपरस्ती में आबकारी विभाग में करोड़ों रुपए के घोटाले हुए थे, 2017 में उसकी एफआईआर दर्ज हुई। क्योंकि इस लूट में आबकारी विभाग के महत्वपूर्ण पदों में बैठे लोग शामिल थे अत: मामले को दबा दिया गया। जब यह मामला उजागर हुआ, तब शराब ठेकेदारों ने 22 करोड़ रुपए सरकार के खाते में जमाकर मामले को दबबा दिया था। इस मामले को दबाने मे आबकारी विभाग के अधिकारी और तत्कालीन मंत्री की भूमिका थी। उस समय सभी जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए पदाधिकारियों ने इस लूट में अपना-अपना हिस्सा वसूल किया था। 2017 से यह मामला ईडी के पास लंबित पड़ा हुआ था। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों द्वारा बार-बार जानकारी मांगी गई। उसके बाद भी आबकारी विभाग द्वारा ईडी को समय पर जानकारी नहीं दी जा रही थी। ईडी ने शराब कारोबार से जुडे ठेकेदारों और अधिकारियों की जांच अपने स्तर पर कर 18 ठिकानों पर छापेमारी की है। अभी तक लगभग 50 करोड़ रुपए के सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले दस्तावेजों को ईडी ने जप्त किया है। इस मामले की जिस तरह से ईडी जांच कर रही है, उससे अरबो रुपए की धोखाधड़ी के नए मामले उजागर होने की संभावना ईडी के अधिकारियों ने व्यक्त की है। शराब कारोबारियों और आबकारी विभाग के अधिकारियों तथा राजनेताओं की मिली भगत से बड़े पैमाने पर अरबों रुपए के घोटाले हर राज्य में हो रहे हैं। दिल्ली का मामला पिछले कई वर्षों से चर्चाओं में है। मध्य प्रदेश मे भी हर साल सैकड़ों करोड़ रुपए का घोटाला शराब कारोबारियों और आबकारी विभाग की मिलीभगत से होता है। इस मामले को दबाने मे आबकारी विभाग के अधिकारी और तत्कालीन मंत्री की भूमिका थी। उस समय सभी जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए पदाधिकारियों ने इस लूट में अपना-अपना हिस्सा वसूल किया था। 2017 से यह मामला ईडी के पास लंबित पड़ा हुआ था। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों द्वारा बार-बार जानकारी मांगी गई। उसके बाद भी आबकारी विभाग द्वारा ईडी को समय पर जानकारी नहीं दी जा रही थी। शराब कारोबार मे सरकारी खजाने को सुनियोजित रूप से नुकसान पहुंचाया जाता है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के निशाने पर शराब कारोबार से जुड़े किस तरह के अपराध होते हैं, यह मामला सामने आ चुका है। केंद्रीय परिवर्तन निदेशालय द्वारा आबकारी विभाग में चल रहे घोटाले की ट्रैकिंग पिछले कई महीनो से की जा रही थी। सही तरीके से कार्रवाई हुई, तो इसमें बड़े-बड़े खुलासे होंगे। यह मामला मध्य प्रदेश का है। देशभर में इसी तरीके से फर्जी दस्तावेजों के जरिए बड़े पैमाने पर सरकारी खजाने में घोटाले किए जा रहे हैं। ट्रेजरी में चालान से और ऑनलाइन ट्रांसफर की गई राशि का मिलान कई-कई वर्षों तक नहीं हो पाता है। अधिकारियों की कोई रुचि नहीं रहती है। जिस तरीके से ट्रेजरी में लेन-देन बढ़ रहा है। वित्त मंत्रालय और वित्त विभाग के पास जो दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते हैं। सरकार के खातों में जो रकम जमा होती है। उसका मिलान करने का सिस्टम नहीं होने से हर राज्य में अरबो रुपए की धोखाधड़ी बदस्तूर जारी है। विभागों और वित्त मंत्रालय की ट्रेजरी के बीच में ऐसा कोई तरीका नहीं अपनाया जाता है, जिससे यह पता लगे, कहां पर किस लेवल पर गड़बड़ी हो रही है। ईडी ने इस मामले में छापे डाले हैं। निश्चित रूप से नए-नए खुलासे होंगे। धोखाधड़ी और दस्तावेजों में हेरा-फेरी करके राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को अरबों रुपए का नुकसान हर महीने पहुंचाया जा रहा है। उसमें रोक लगेगी, यही आशा की जा सकती है।*

## चिंतन-मनन

### सबसे बड़ी दौलत

एक विधवा अध्यापिका के दो बेटे थे। वह उन्हें गुरुकुल में अच्छी शिक्षा दिला रही थी। वह खुद भी अनेक बच्चों को संस्कृत पढ़ाती थी। इससे उसे जो कुछ प्राप्त होता था, उसी से वह अपना जीवनयापन करती थी। उसने अत्यंत गरीबी के दिनों में भी कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाए। उसके स्वाभिमान को देख अनेक लोग अध्यापिका का बहुत आदर करते थे। एक दिन एक बहुत बड़े सेठ को अध्यापिका की विद्वता व उसकी निर्धनता के बारे में मालूम हुआ। उस सेठ के कोई संतान नहीं थी। उसने सोचा हुआ था कि वह कुछ गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए उन्हें धन प्रदान करेगा। सेठ अध्यापिका के घर पहुंचा और बोला, देवी, आप निर्भीक व स्वाभिमानी हैं। मैं चाहता हूं कि आपके बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। उसके लिए आप यह कुछ रुपये स्वीकार करें। इसके बाद उसने रुपयों की थैली अध्यापिका की ओर बढ़ाई। अध्यापिका हाथ जोड़कर सेठ से बोली, शायद आपको कुछ भ्रम हो गया है। मैं इतनी गरीब भी नहीं हूं कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा न दे पाऊं। मेरे पास जितनी दौलत है, उतनी शायद ही किसी के पास हो। सेठ अचरज से बोला, कहां है दौलत, जरा हमें भी तो बताइए। अध्यापिका ने अपने दोनों पुत्रों को आवाज लगाई तो दोनों पुत्र तुरंत वहां आए और अपनी मां के पैर छूने के बाद उन्होंने सेठ के पैर छुए। फिर उन्होंने मां से पूछा, कहिए कैसे याद किया? दोनों पुत्रों की ओर देखकर अध्यापिका बोली, यही दोनों मेरी सबसे बड़ी दौलत हैं। दोनों लड़कों को देखकर सेठ अभिभूत हो गया और बोला, बिल्कुल सही। वास्तव में जिसकी संतान संस्कारी और गुणी है, वह कभी गरीब हो ही नहीं सकता। अध्यापिका ने सेठ से कहा, जो कुछ आप मुझे देने आए हैं, उसे अनाथ बच्चों को शिक्षित करने के लिए दे दें। सेठ ने वैसा ही किया।

# भगवान परशुराम ने समाज में एकता समरसता का संदेश दिया

*जिसका सबसे बड़ा सटीक उदाहरण हमने अभी महाकुंभ के रूप में देखा जिसनें पूरी दुनियाँ में एक मिसाल कायम की है,हमारे बड़े बुजुर्गों का आदि अनादि काल से कहना रहा है कि जब- जब पृथ्वी पर अन्याय अत्याचार व पापों का सैलाब आता है तो ऊपर वाला किसी ने किसी रूप में अवतरित होकर उन पापियों अत्याचार्यों का दमन करने आते हैं।*

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर भारत को पृथ्वी का सबसे बड़ा आध्यात्मिक महाकुंभ कहा जाता है, ऐसे विचार मैंने अनेकों बार बड़े बुजुर्गों से सुने हैं परंतु वर्तमान समय में हम देख रहे हैं कि कैसे बड़े-बड़े धार्मिक आध्यात्मिक आयोजन भारत में होते रहते हैं, जिसका सबसे बड़ा सटीक उदाहरण हमने अभी महाकुंभ के रूप में देखा जिसनें पूरी दुनियाँ में एक मिसाल कायम की है,हमारे बड़े बुजुर्गों का आदि अनादि काल से कहना रहा है कि जब- जब पृथ्वी पर अन्याय अत्याचार व पापों का सैलाब आता है तो ऊपर वाला किसी ने किसी रूप में अवतरित होकर उन पापियों अत्याचार्यों का दमन करने आते हैं। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 29 अप्रैल 2025 को ऐसे ही एक अवतार भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम के रूप में हुआ था, इसीलिए ही इस न्याय के देवता की जयंती इस दिन बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है, वैसे इस दिन अक्षय तृतीया भी होती है परंतु इस वर्ष 2025 में अक्षय तृतीया 29 या 30 दोनों दिन मनाने की खबरें आ रही है।चूँकि भगवान परशुराम ने समाज में एकता समरसता का संदेश दिया है जो उनकी जयंती का महत्वपूर्ण पहलू है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम जयंती महोत्सव 29 अप्रैल 2025, परशुराम ने धरती पर अन्याय व अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई थी यह पूरी जानकारी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ली गई है व इसकी सटीकता का प्रमाण नहीं है परंतु आदि अनादि काल से यह रीत चली आ रही है।

साथियों बात अगर हम भगवान परशुराम के जीवन को जानने की करें तो, उन्होंने एकता का सूत्र संसार को दिया है। सभी जाति और समाजों में समरसता का संदेश दिया है। भारतीय वाङमय में सबसे दीर्घ जीवी चरित्र परशुराम जी का है। सतयुग के समापन से कलयुग के प्रारंभ तक उनका उल्लेख मिलता है। भगवान परशुराम जी के जन्म समय को सतयुग और त्रेता का संधिकाल माना जाता है। भारतीय इतिहास में इतना दीर्घजीवी चरित्र किसी का नहीं है। वे हमेशा निर्णायक और नियामक शक्ति रहे। दुष्टों का दमन और सत-पुरूषों को संरक्षण उनके चरित्र की विशेषता है। उनका चरित्र अक्षय है, इसलिए उनकी जन्म तिथि वैशाख



शुक्ल तृतीया को माना गया। इस दिन का प्रत्येक पल, प्रत्येक क्षण शुभ मुहूर्त माना जाता है। विवाह के लिए या अन्य किसी शुभ कार्य के लिए अक्षय तृतीया के दिन अलग से मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं है। उनके जीवन का समूचा अभियान, संस्कार, संगठन, शक्ति और समरसता के लिए समर्पित रहा है। मानव जीवन को व्यवस्थित ढांचे में ढाला भगवान परशुराम ने मानव जीवन को व्यवस्थित ढांचे में ढालने का महत्वपूर्ण कार्य किया। दक्षिण के क्षेत्र में जाकर वहां कमजोर समाज को एकत्रित कर समुद्र तटों को रहने योग्य बनाया। अगस्त ऋषि से समुद्र से पानी निकालने की विद्या सीख कर समुद्र के किनारों को रहने योग्य बनाया। एक बंदरगाह बनाने का भी प्रमाण परशुराम जी का मिलता है। वही परशुराम जी ने कैलाश मानसरोवर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से पर्वत का सीना काटकर ब्रह्म कुंड से पानी की धारा को नीचे लाये जो ब्रह्मपुत्र नदी कहलायी। भगवान परशुराम समतावादी समाज का निर्माण करने वाले थे। भले ही उन्हें ब्राह्मणों का हितैषी और क्षत्रियों का विरोधी माना जाता रहा है। यह परशुराम जी को बेहद संकुचित आधार पर देखने की दृष्टि है। हम महापुरुषों को उनकी जाति के आधार पर देखते हैं। परंतु इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में दिया गया है कि उन्होंने क्षत्रियों को इसलिए पराजित नहीं किया कि वह क्षत्रिय थे या ब्राह्मण नहीं थे। उन्होंने क्षत्रिय समाज के उन अहंकारी राजाओं को परास्त किया जो समाज रक्षण का मूल धर्म भूल गए थे। क्षत्रियों पर उनके क्रोध के पीछे का कारण को समझने से पता चलता है कि उस समय क्षत्रियों के अत्याचार और अन्याय इतने बढ़ गए थे कि उन्होंने क्षत्रियों को सबक सिखाने का प्रण किया। दूसरा अपने मौसा जी सहस्त्रबाहु द्वारा अपने पिता के आश्रम पर आक्रमण और पिता की हत्या ने भी परशुराम के क्रोध को भड़का दिया।

साथियों बात अगर हम हिंदू धर्म में परशुराम जयंती के खास महत्व की करें तो, हिन्दू धर्म में परशुराम जयंती का खास महत्व है, पंचांग के अनुसार, हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली तृतीया तिथि पर विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती मनाने का विधान है, भगवान विष्णु के इस अवतार को बहुत ही उग्र माना जाता है,धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन सच्चे मन से भगवान परशुराम की पूजा करने से ज्ञान, साहस और शौर्य आदि की प्राप्ति होती है, साथ ही जीवन में खुशियां बढ़ती हैं। भगवान परशुराम जयंती का धार्मिक महत्व परशुराम जयंती पर श्रद्धालु व्रत रखते हैं, भगवान परशुराम की प्रतिमा या चित्र की विधिपूर्वक पूजा करते हैं, उनके जन्म की कथा का पाठ, हवन और दान करना भी इस दिन विशेष पुण्यकारी माना जाता है, परशुराम जी को ब्राह्मण और क्षत्रिय दोनों के गुणों का प्रतीक माना जाता है, इसलिए उनकी पूजा से ज्ञान, शक्ति और न्याय की प्राप्ति होती है। भगवान परशुराम सात चिरंजीवियों अश्वत्थामा, राजा बलि, परशुराम, विभीषण, महर्षि व्यास, हनुमान, कृपाचार्य इनमें से एक हैं। भगवान विष्णु के छठे अवतार एवं ब्राह्ण जाति के कुल गुरु परशुराम, जिनकी जयंती वैशाख शुक्ल अक्षय तृतीया के दिन मनाई जाती है। मत्स्य पुराण के अनुसार इस दिन जो कुछ भी दान किया जाता है वह अक्षय रहता है यानि इस दिन किए गए दान का कभी भी क्षय नहीं होता है। सतयुग का प्रारंभ अक्षय तृतीया से ही माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव के परम भक्त परशुराम न्याय के देवता हैं, जिन्होंने 21 बार इस पृथ्वी को क्षत्रिय विहीन किया था। साथियों बात अगर हम भगवान परशुराम के भृगु वंशी होने की करें तो, यह वही भृगु वंश है, जिसमें भृगु ऋषि ने अग्नि का आविष्कार किया था। श्रीमद्भगव द्गीता के दसवें अध्याय में भगवान ने कहा-मैं ऋषियों में भृगु हूं ! महर्षि भृगु को संसार का पहला प्रचेता लिखा गया है। विष्णु पुराण के अनुसार नारायण को ब्याहीं श्री लक्ष्मी महर्षि भृगु की ही बेटी थीं। समुद्र मंथन से उत्पन्न लक्ष्मी तो उनकी आभा थी। भृगु वंश में ही महर्षि मार्कण्डेय, शुक्राचार्य, ऋचीक, विधाता, दधीचि, त्रिशिरा, जमदग्नि, च्यवन और नारायण का ओजस्वी अवतार भगवान परशुराम जी का जन्म हुआ।महर्षि भृगु को अंतरिक्ष, चिकित्सा और नीति का जनक माना जाता है।

# भौतिकता एवं आध्यात्मिकता की अक्षय मुस्कान का पर्व

*इस त्यौहार के साथ-साथ एक अबूझा मांगलिक एवं शुभ दिन भी है, जब बिना किसी मुहूर्त के विवाह एवं मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं। विभिन्न सांस्कृतिक एवं मांगलिक ढांचों में ढले अक्षय तृतीया पर्व में हिन्दू-जैन धर्म, संस्कृति एवं परम्पराओं का अनूठा संगम है। इस प्रकार अक्षय तृतीया पर किए गए कार्यों जैसे जप-तप, यज्ञ, पितृ-तर्पण, दान-पुण्य आदि का साधक को अक्षय फल प्राप्त होता है।*

**ललित गर्ग**

अक्षय तृतीया महापर्व का न केवल सनातन परम्परा में बल्कि जैन परम्परा में विशेष महत्व है। इसका लौकिक और लोकोत्तर-दोनों ही दृष्टियों में महत्व है। अक्षय शब्द का अर्थ है कभी न खत्म होने वाला। संस्कृत में, अक्षय शब्द का अर्थ है 'समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता', जबकि तृतीया का अर्थ है 'चंद्रमा का तीसरा चरण'। इस त्यौहार के साथ-साथ एक अबूझा मांगलिक एवं शुभ दिन भी है, जब बिना किसी मुहूर्त के विवाह एवं मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं। विभिन्न सांस्कृतिक एवं मांगलिक ढांचों में ढले अक्षय तृतीया पर्व में हिन्दू-जैन धर्म, संस्कृति एवं परम्पराओं का अनूठा संगम है। इस प्रकार अक्षय तृतीया पर किए गए कार्यों जैसे जप-तप, यज्ञ, पितृ-तर्पण, दान-पुण्य आदि का साधक को अक्षय फल प्राप्त होता है। भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले समाज में दान का महत्व समझाया था, इसलिए इस दिन पर जैन धर्म के लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषधि दान करते हैं। रास्ते चाहे कितने ही भिन्न हों पर इस पर्व त्यौहार के प्रति सभी जाति, वर्ग, वर्ण, सम्प्रदाय और धर्मों का आदर-भाव अभिन्नता में एकता का प्रिय संदेश दे रहा है। आज के युद्ध, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा एवं अशांति के समय में संयम एवं तप की अक्षय परम्परा को जन-जन की जीवनशैली बनाने की जरूरत है।

अक्षय तृतीया इस वर्ष 30 अप्रैल, 2025 को है। भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, इसलिये भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का जन्मदिन मानते हैं। वैष्णव मंदिरों में उनकी पूजा की जाती है। महर्षि वेदव्यास ने इसी दिन से महाभारत लिखना शुरू किया था। अक्षय तृतीया के दिन महाभारत के युधिष्ठिर को अक्षय पात्र मिला था। इसकी विशेषता थी कि इसमें भोजन कभी समाप्त नहीं होता था। इसी पात्र से वह अपने राज्य के गरीब व निर्धन को भोजन देकर उनकी सहायता करते थे। इसी आधार पर मान्यता है कि इस दिन किए जाने वाला दान-पुण्य का भी कभी क्षय नहीं होता है। इस दिन साधु-संतों के साथ ब्राह्मणों-गरीबों को भोजन कराकर व वस्त्र दान करने के साथ गायों को हरा चारा खिलाने का विशेष महत्व है। वहीं पक्षियों को परिंडे लगाकर दाने-पानी की व्यवस्था करने से विशेष लाभ मिलता है और भगवान श्री विष्णु की कृपा अपने भक्तों पर हमेशा बनी रहती है।



अक्षय तृतीया विवाहित या अविवाहित महिलाओं के लिए क्षेत्रीय रूप से महत्वपूर्ण है, जो अपने जीवन में पुरुषों की भलाई के लिए या भविष्य में उनकी सगाई होने वाले पुरुष के लिए प्रार्थना करती हैं। प्रार्थना के बाद, वे अंकुरित चने (अंकुरित), ताजे फल और भारतीय मिठाइयां वितरित करते हैं। यह दिन किसानों, कुंभकारों एवं शिल्पकारों के लिए भी यह बहुत महत्व का दिन है। बैलों के लिए भी बड़े महत्व का दिन है। प्राचीन समय से यह परम्परा रही है कि आज के दिन राजा अपने देश के विशिष्ट किसानों को राज दरबार में आमंत्रित करता था और उन्हें अगले वर्ष बुवाई के लिए विशेष प्रकार के बीज उपहार में देता था। लोगों में यह धारणा प्रचलित थी कि उन बीजों की बुवाई करने वाले किसान के धान्य-कोष्ठक कभी खाली नहीं रहते। यह इसका लौकिक दृष्टिकोण है। अक्षय तृतीया पर महाराष्ट्र के लोग नया व्यवसाय शुरू करते हैं, घर खरीदते हैं और महिलाएं सोना खरीदती हैं। लोग इस त्यौहार को परिवार के साथ मनाते हैं और महाराष्ट्रीयन पूरन पोली (गुड़ और दाल के मिश्रण से भरी चपाती) और आमरस (आम की एक मोटी प्यूरी) से बने नैवेद्य जैसे भोजन का भोग लगाकर देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। ओडिशा में, अक्षय तृतीया आगामी खरीफ सीजन के लिए चावल की बुवाई के शुभारंभ के दौरान मनाई जाती है। यह दिन अच्छी फसल के आशीर्वाद के लिए किसानों द्वारा धरती माता, बैलों और अन्य पारंपरिक कृषि उपकरणों और बीजों की पूजा के साथ शुरू होता है। जगन्नाथ मंदिर के रथ यात्रा उत्सव के लिए रथों का निर्माण भी इसी दिन पुरी में शुरू होता है। तेलुगू भाषी तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में यह त्यौहार समृद्धि और दान से जुड़ा है। सिंहचलम मंदिर में इस दिन विशेष उत्सव अनुष्ठान किए जाते हैं।

मंदिर के मुख्य देवता को साल के बाकी दिनों में चंदन के लेप से ढका जाता है और केवल इसी दिन देवता पर लगे चंदन की परतें हटाई जाती हैं ताकि अंतर्निहित मूर्ति दिखाई दे। इस दिन वास्तविक रूप या निज रूप दर्शनम का प्रदर्शन होता है। लोकोत्तर दृष्टि से अक्षय तृतीया पर्व का संबंध जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ के साथ जुड़ा हुआ है। तपस्या हमारी संस्कृति का मूल तत्व है, आधार तत्व है। कहा जाता है कि संसार की जितनी समस्याएं हैं तपस्या से उनका समाधान संभव है।

## बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य करने का दिन है अक्षय तृतीया

**योगेश कुमार गोयल**

प्रत्येक वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' पर्व मनाया जाता है, जो इस वर्ष 30 अप्रैल को मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया की शुरुआत 29 अप्रैल की शाम पांच बजकर 31 मिनट पर हो रही है, जो 30 अप्रैल की दोपहर दो बजकर 12 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए अक्षय तृतीया की पूजा और खरीदारी करना 30 अप्रैल को ही सबसे शुभ है। अक्षय तृतीया की पूजा के लिए 30 अप्रैल को प्रात: पांच बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक का समय बहुत शुभ है। मांगलिक कार्यों के लिए अक्षय तृतीया पर्व को हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य आयोजित किया जा सकता है। यह पर्व आस्था, परंपरा और अध्यात्म का संगम है। सनातन धर्मानुसार, वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' या 'आखा तीज' कहते हैं।

पौराणिक शास्त्रानुसार, अक्षय तृतीया विवाह और अन्य शुभ कार्यों के लिए स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है। इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, उपवास और व्रत का अक्षय फल अर्थात संपूर्ण फल मिलता है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और इस दिन बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य सम्पन्न किया जा सकता है, इसीलिए लोग बिना पंचांग देखे अक्षय तृतीया के दिन विवाह, गृह प्रवेश, नया व्यापार, धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ, घर, भूखंड या नए वाहन आदि की खरीदारी करते हैं। मान्यताओं के अनुसार, इसी तृतीया तिथि को माता पार्वती ने अमोघ फल देने की सामर्थ्य का आशीर्वाद दिया था, जिसके प्रभाव से अक्षय तृतीया के दिन किया गया कोई भी कार्य निष्फल नहीं होता। पुराणों के अनुसार, इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान, दान, जप व स्वाध्याय करना शुभ फलदायी होता है।

भविष्यपुराण के अनुसार, अक्षय तृतीया को युगादि तिथि माना गया है, यानी इसी तिथि से सतयुग व त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान विष्णु के तीन अवतारों, नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस वर्ष अक्षय तृतीया पर बहुत से शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में लक्ष्मी पूजा करने से धन वृद्धि होती है। अक्षय तृतीया के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है, जो बहुत खास है। इसके अतिरिक्त, जो अन्य शुभ योग बनने वाले हैं, उनमें शोभन योग दोपहर 12 बजकर दो मिनट तक रहेगा। रवि योग शाम को चार बजकर 18 मिनट से शुरू होकर पूरी रात रहने वाला है। इस दिन सोना खरीदना बहुत शुभ माना गया है। अक्षय तृतीया तिथि संपूर्ण पापों का नाश करने वाली और समस्त सुख प्रदान करने वाली मानी गई है। विभिन्न शास्त्रों के अनुसार, इस दिन हवन, जप, दान, स्वाध्याय, तर्पण इत्यादि जो भी कर्म किए जाते हैं, वे सब अक्षय हो जाते हैं। मान्यता है कि द्वापर युग इसी तिथि को समाप्त हुआ था, जबकि त्रेता, सतयुग और कलियुग का आरंभ इसी तिथि को हुआ था, इसीलिए इसे 'कृतयुगादि तृतीया' भी कहा जाता है। भारत में कई स्थानों पर अक्षय तृतीया को 'आखा तीज' के नाम से भी जाना जाता है। भविष्य पुराण के अनुसार, इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। इस तिथि की अधिष्ठात्री देवी पार्वती मानी गई हैं और इस दिन मां लक्ष्मी की भी विधिवत पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पृथ्वी पर देवताओं ने 24 रूपों में अवतार लिया था, जिनमें छठा अवतार भगवान परशुराम का था, जिनका जन्म अक्षय तृतीया के ही दिन हुआ था।

## खास बात

### राहुल गांधी कश्मीर दौरे पर, मोदी के लिए मुसीबत

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को घाटी गए। वहां पर उन्होंने आतंकवादी हमले में घायल हुए लोगों से अस्पताल में जाकर मुलाकात की। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उनके परिवार जनों से भी मुलाकात कर हर संभव सहायता करने की पेशकश की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाटी नहीं गए, उल्टे वह सर्वदलीय बैठक छोड़कर बिहार में उद्घाटन और शिलान्यास करने के लिए पहुंच गए। मंच पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के बीच हंसी ठहाके का वीडियो वायरल हुआ। उसके बाद यह कहा जाने लगा आतंकवाद की इस घटना का राहुल गांधी ने मंच लूट लिया। रही सही कसर उनकी मसाल यात्रा ने पूरी कर दी।

### लेफ्ट संगठन के झगड़े का लाभ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली के चुनाव 25 अप्रैल को होना है। यहां पर लेफ्ट पार्टी काफी मजबूती के साथ चुनाव लड़ती है। चुनाव के पहले अध्यक्ष पद के जो उम्मीदवार होते हैं। अमेरिका की तर्ज पर अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वाले छात्रों के सामने भावी योजना के बारे में जानकारी देते हैं। आपस में बहस होती है। इस बार लेफ्ट पार्टी के अलग-अलग गुटों ने उम्मीदवार खड़े किए हैं। अध्यक्ष पद के लिए 13 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। लेफ्ट विचारधारा के छात्र बंट गये हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पोषित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को लग रहा है। चुनाव में इसका फायदा उसे मिलेगा। लेफ्ट के सभी गुटों की आग में घी डालने का काम एबीपी कर रही है। उल्लेखनीय छात्रसंघ का चुनाव छात्र ही करते हैं। इसमें विश्वविद्यालय प्रशासन का कोई योगदान नहीं होता है। देश के सबसे चर्चित चुनाव में से एक चुनाव यह भी है।

### ममता और रॉबर्ट वाड्रा ने पहलगाम की घटना का सत्य बताया

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 28 पर्यटक मारे गए हैं। आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर गोली मारी है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने, हमले के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। उत्तर भारत में जिस तरह से हिंदू-मुसलमान की राजनीति की जा रही है। उसकी परणति पहलगाम की घटना को बताया। इसी तरह से रॉबर्ट वाड्रा ने कहा जिस तरह से भाजपा और सत्तारुड़ गठबंधन हिंदू- मुस्लिम की राजनीति कर रही है। उसकी प्रतिक्रिया पहलगाम में देखने को मिली है। यह एक सच है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया है। भाजपा ऐसे किसी मौके को छोड़ती नहीं है। अभी देश में जो राजनीति हो रही है। वह झूठ पर आधारित है, जो कलयुग का सच है। ममता और वाड्रा यदि सतयुग के सच की राजनीति करेंगे। तो उन्हें नुकसान तो उठाना ही पड़ेगा।

### चीन के राष्ट्रपति ने ट्रंप की हवा निकाली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोचा भी नहीं होगा। चीन उन्हें इस तरह से मात देगा। अमेरिका ने एक तरफा चीन के ऊपर टैरिफ लगाए। चीन ने जवाबी टैरिफ लगाए। डोनाल्ड ट्रंप की इस कार्रवाई से अमेरिका की कंपनियों को नुकसान होना शुरू हुआ। उन्होंने ट्रंप पर दबाव बनाया। जिसके कारण दो बार ट्रंप को अपनी घोषणाओं से कुछ दिनों के अंदर संशोधित करना पड़ा। ऐसी बेज्जती इसके पहले कभी अमेरिका की नहीं हुई। जो ट्रंप के शासनकाल में अमेरिका की हो रही है। चीन ने कुछ भी नहीं किया, सब अपने आप हो गया।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि तीज, बुधवासरे, रोहिणी नक्षत्रे, शोभन योगे, तैतिल करणे, वृष की चंद्रमा, भद्रा 58/03, अक्षय तृतीया, जलकुंभ ब्याज आदि दानम, सर्वार्थ सिद्ध योग, अमृत सिद्धयोग 35/58 तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल:** आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी तथा बैंक कर्मचारी, कम्प्यूटर इंजीनियर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, धनी-मानी, सुखी होगा।

मेष राशि :- बढ़िया यात्रा, विवाद, मातृ-कष्ट, व्यर्थ का विरोध होगा, रुके कार्य एक-एक करके बन जायेंगे।

**वृष राशि**- धन-लाभ, व्यापार में प्रगति, शुभ कार्य होंगे, परिश्रम सफल अवश्य होगा।

**मिथुन राशि**- पितृ-कष्ट, यात्रा योग, व्यय लाभ, अलगाव का वातावरण बना ही रहेगा।

**कर्क राशि**- शुभ भूमि लाभ, हर्ष, कार्यसिद्धी, खेती-गृहकार्य की व्यवस्था पूर्णरूपेण बनेगी।

**सिंह राशि**- शत्रुभय, प्रलोभन से विरोध, उद्योग-व्यापार लाभ, कार्य सफल अवश्य ही होगा।

**कन्या राशि**- चिन्ता, लाभ, विद्या-लाभ, उन्नति तथा शिक्षा-लेखन कार्य में सफलता मिलेगी।

**तुला राशि**- सुख, असफलता, निर्माण कार्य, प्रवास कार्य में व्यवस्था से लाभ होगा।

**वृश्चिक राशि**- लाभ, सिर-नेत्र पीड़ा, अपव्यय तथा कार्य बाधा, रुके कार्य से हानि होगी।

**धनु राशि**- यात्रा से हानि, पदोन्नति, लाभ होगा, व्यर्थ नुकसान उठाने की स्थिति बनेगी।

**मकर राशि**- अनिश्चित धन लाभ, स्थानांतरण होगा, राजकार्य में सतर्कता से लाभ लेवें।

**कुंभ राशि**- व्ययभार बढ़े, विवाद, चिन्ता, लाभ होगा, विरोधी असफल होंगे, कार्य बनेंगे।

**मीन राशि**- संतान सुख, प्रवास, धन लाभ, यश, मित्रों व परिवार से मनमुटाव बनेगा।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**30 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.21 बजे से |
| चंद्र | वृष में | मिथुन | 08.19 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.32 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.49 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.00 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.11 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.26 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.42 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.47 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.34 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मीन | 03.06 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 04.37 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 120 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 14.13 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रोहिणी 16.18 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 12.02 बजे को समाप्त।
**करण** गर 14.13 बजे तदनन्तर वणिज 00.44 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 02.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 14° 47'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872330
**जूलियन दिन** 2460795.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 01
**विशेष** अक्षय तृतीया, रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# कितना सही है नाश्ते में दही लेना

**नाश्ते में हम सभी कुछ ऐसा खाना पसंद करते हैं, जो खाने में टेस्टी हो और हमारे शरीर को पूरा दिन काम करने की एनर्जी देता रहे। ऐसे में ज्यादातर लोग किसी ना किसी रूप में नाश्ते में दही खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या नाश्ते में दही लेना एक स्वस्थ विकल्प है?**

## पाचक होती है लेकिन नींद दिलाती है

- यदि आपके दिन शुरुआत ही दही के साथ हो रही है तो यह आपको एनर्जी देने के स्थान पर नींद दिला सकती है और शरीर में सुस्ती बढ़ा सकती है। इसलिए दही कभी भी आपके फर्स्ट फूड का भाग नहीं होना चाहिए। हालांकि दही नाश्ते का एक शानदार हिस्सा है। यदि आप इसे खाते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखते हैं तब.

## समझे विरोधी बातों का अर्थ

- एक तरफ तो हम कह रहे हैं कि दही नाश्ते में खाना अच्छा है। वहीं दूसरी तरफ यह भी कह रहे हैं कि इसे खाने से सुस्ती बढ़ सकती है। दरअसल, ये दोनों ही बातें सही हैं। दही खाने पर आपको एनर्जी मिलेगी या सुस्ती आएगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि दही खाने का आपका तरीका क्या है।

## इस तरह खाएं और इस तरह ना खाएं दही

- आप नाश्ते में चपाती, पराठा, चिल्ला आदि के साथ दही खा सकते हैं। एक कटोरी दही का सेवन नाश्ते में करना शरीर के लाभकारी होता है और पाचनतंत्र को सही करता है। साथ ही शरीर को दिनभर के लिए ऊर्जा देने में लाभकारी होता है।
- लेकिन नाश्ते में दही का सेवन तभी करना चाहिए जब आप सुबह के समय नाश्ते से पहले कुछ खा या पी चुके हों। जैसे, सुबह की शुरुआत आपने पानी के साथ की हो और फिर चाय-टोस्ट, स्प्राउट्स या ड्राईफ्रूट्स आदि खाए हों। इसके एक घंटे बाद यदि आप नाश्ते में दही का सेवन करते हैं तो आपको नींद नहीं आएगी। आपको गैस बनने की समस्या है तो इन 5 सब्जियों से बचना चाहिए

## खाली पेट नहीं खानी चाहिए दही

- सुबह के समय आप नाश्ते में केवल मीठी दही का उपयोग कर सकते हैं। खट्टी दही खाने से परहेज करें। साथ ही नाश्ते में दही खाते समय आप इसमें एक चम्मच शक्कर मिला सकते हैं। यदि आपको शुगर की समस्या नहीं है तब।
- दिन की शुरुआत यदि किसी भी कारण देरी से हुई हो और आपके पास नाश्ता करने का समय ना हो तो भूलकर भी खाली दही ना खाएं। यदि आप खाली पेट दही खाते हैं तो आपको जबदस्त नींद आएगी और आप खुद को बहुत थका हुआ अनुभव करेंगे।
- ऐसा इसलिए होता है क्योंकि खाली पेट दही खाने से कुछ लोगों को ब्लड प्रेशर कम होने की समस्या हो जाती है। इससे शरीर में ब्लड का फ्लो कम होता है और ऑक्सीजन का स्तर घटने लगता है। यही कारण है कि बहुत तेज नींद आती है और बेहोशी जैसा अनुभव होता है।



# लगातार बनी रहती है थकान तो ऐसे रखें अपना ध्यान

**आप चाहे मानसिक काम अधिक करते हैं या शारीरिक काम। यदि आपको काम करते समय बहुत जल्दी थकान होने लगती है तो इसका एक अर्थ यह होता है कि आपके शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या है। जी हां, केवल पोषण की कमी के कारण ही नहीं बल्कि शरीर में पानी की कमी के कारण भी जल्दी थकान होती है। जो लोग नियमित रूप से जरूरी पानी नहीं पीते हैं, उन्हें काम करते समय अधिक थकान होना और अन्य लोगों की तुलना में जल्दी थकान होने जैसी समस्याएं होती हैं। जानें, जल्दी थकान होने के अन्य कारण और उनके निवारण के तरीके**



## जल्दी थकने की वजह

- आमतौर पर जो लोग बहुत जल्दी थकान होने की समस्या से पीड़ित होते हैं, उनके शरीर में कुछ खास तत्वों की कमी देखने को मिलती है.
- पानी की कमी
- खून की कमी
- विटमिन-बी12 की कमी
- फोलेट या फॉलिक एसिड की कमी देखने को मिलती है।

जल्दी थकान से बचने के तरीकों में ना केवल अपने खान-पान पर ध्यान देना है बल्कि यह भी ध्यान देना है कि जिस डायट का सेवन आप कर रहे हैं और जिन ड्रिंक्स को आप ले रहे हैं, क्या वे आपके शरीर की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। यहां जानें कैसे रखा जाएगा इस बात का ध्यान.



## तरल पदार्थों का सेवन

- जल्दी-जल्दी होने वाली थकान की समस्या से बचने के लिए जरूरी है कि आप तरल पदार्थों का सेवन बढ़ा दें। इनमें जूस, सूप, छांछ, दाल इत्यादि शामिल हैं। इसके साथ ही समय-समय सादा पानी पीते रहें। वयस्कों को हर दिन कम से कम 8 गिलास पानी पीना चाहिए।

## तनाव को नियंत्रित करना सीखें

- जल्दी थकने की एक बड़ी वजह लगातार बना रहनेवाला तनाव भी होता है। तनाव का कारण चाहे जो भी लेकिन यह व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जल्द थका देता है। इसलिए तनाव से बचने के लिए हर दिन कुछ समय के लिए मेडिटेशन यानी ध्यान जरूर करें। यह आपको मानसिक रूप से फिट रखने का काम करेगा।

## फलियों का सेवन करें

- हरी फलियां कई तरह की वरायटी में आती हैं। खास बात यह है कि मौसम की प्रकृति और उस दौरान शरीर की जरूरत के अनुसार हर सीजन में आनेवाली फलियां पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं।
- हरी फलियां फाइबर युक्त होती हैं और इनका पाचन धीमी गति से होता है। इसलिए ये शरीर को लंबे समय तक ऊर्जा देने का काम करती हैं, जिससे शरीर पर थकान कम हावी होती है।

## ड्राईफ्रूट्स

- ऐसा नहीं है कि ड्राईफ्रूट्स का सेवन केवल सर्दियों में ही करना चाहिए। बल्कि सीमित मात्रा में और दूध के साथ ड्राईफ्रूट्स का सेवन गर्मियों में भी हर दिन किया जा सकता है।
- क्योंकि ड्राईफ्रूट्स केवल हमारे शरीर को गर्माहट देने का ही काम नहीं करते हैं बल्कि पोषण देने का काम भी करते हैं। शरीर की कमजोरी को दूर करने में मीट भी अच्छी भूमिका निभाता है। लेकिन कोरोना संक्रमण के दौर में हम आपको मीट खाने की सलाह नहीं देना चाहते हैं। इस समय में आप थकान से बचने के लिए ड्राईफ्रूट्स यानी सूखे मेवों का सेवन कर सकते हैं।



# शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण और कारण

शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाना कई रोगों का कारण बनता है। ऑक्सीजन का स्तर कम होने पर सबसे जल्दी और सबसे बुरा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। इस स्थिति में कोई भी वायरस और बैक्टीरिया हमारे शरीर पर हावी हो सकता है। शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण और कारण क्या होते हैं.

## शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण

- शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने से अर्थ है कि शरीर को अपनी नियमित क्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए जितनी मात्रा में ऑक्सीजन चाहिए, उतनी मात्रा में ऑक्सीजन ना मिल पाना।
- जब शरीर में ऑक्सीजन की कमी होती है तो सबसे पहले व्यक्ति को थकान महसूस होती है, सांस लेने में दिक्कत होने लगती या सांस फूलने लगता है। इसके बाद शरीर में रक्त के प्रवाह की गति धीमी हो जाती है। इससे थकान और घबराहट बढ़ जाती है।

## हो सकती हैं ये बीमारियां

- यदि शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बहुत कम हो जाए तो ब्रेन डैमेज और हार्ट अटैक तक की स्थिति बन जाती है। शुगर के रोगियों में यदि ऑक्सीजन की कमी हो जाए तो उनकी शुगर अचानक बहुत अधिक बढ़ सकती है, जो कि एक जानलेवा स्थिति भी बन सकती है।
- ऑक्सीजन का स्तर अचानक से बहुत अधिक घट जाने पर शरीर में थायरॉइड हॉर्मोन का संतुलन गड़बड़ा जाता है। इस स्थिति में थायरॉइड का स्तर या तो बहुत अधिक बढ़ सकता है या बहुत अधिक घट सकता है।

## शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कारण

- शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कई कारण होते हैं, जो व्यक्ति की लाइफस्टाइल पर निर्भर करते हैं। जो लोग बहुत अधिक आलस से भरपूर जीवनशैली जीते हैं यानी फिजिकल ऐक्टिविटी नहीं करते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो जाती है।
- जो लोग बहुत अधिक शारीरिक श्रम करते हैं लेकिन उसके हिसाब से डायट नहीं लेते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो सकती है।
- जिन लोगों के भोजन में आयरन की मात्रा कम होती है अगर वे लंबे समय तक इसी तरह का भोजन लेते रहें तो उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो सकती है। क्योंकि फेफड़ों सहित पूरे शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह करने में आयरन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



# चैन की नींद सोना है तो जरूर करें यह काम

**अगर आप चाहते हैं कि रात में आपको सुकून की नींद आए, पैरों में कुलन और बेचैनी के कारण आपकी नींद में किसी तरह की बाधा ना आए तो आपको सोने से पहले एक खास काम करना होगा। यह काम आपके शरीर को राहत देने के साथ ही दिमाग को भी शांति देगा। आइए, जानते हैं कि आखिर क्या और कैसे करना है.**

## आपको क्या करना है?

- बिस्तर पर जाने से पहले आपको अपने पैर साफ पानी से धुलकर कॉटन के कपड़े से पोछकर साफ करने हैं। इसके बाद सरसों के तेल से अपने पैरों की मालिश करें। यह मालिश 2 से 3 मिनट की भी हो तो काफी है। यहां जानें इस तरह हर दिन मालिश करने से आपको किस तरह के लाभ होंगे.

## पैर के तलुए में होते हैं सभी एक्युप्रेशर पॉइंट्स

- हमारे पैर के तलुओं में पूरे शरीर के एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं। पैर के तलुओं पर मसाज करने से इन पॉइंट्स पर दबाव पड़ता है, जिससे शरीर का तनाव कम होता है और मानसिक शांति बढ़ती है। इसलिए आप अच्छी नींद आती है।

## ताउम्र रहेंगे युवा

- अगर आप हर दिन सोने से पहले अपने पैर के तलुओं पर सरसों के तेल से मालिश करेंगे तो आप ताउम्र युवा बने रहेंगे। यहां युवा बने रहने से हमारा आशय है कि आपके दांत, आपकी दृष्टि और आपके शरीर के जोड़ों में किसी तरह का दर्द या समस्या नहीं हो पाएगी।

## चश्मा नहीं लगेगा

- यदि आप सोने से पहले हर दिन अपने पैरों पर सरसों तेल से मालिश करते हैं तो आप अपनी कमजोर आइसाइट को भी ठीक कर सकते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि आपको एक या दो हफ्ते में ही इसका असर देखने को मिल जाएगा।

## पाचन को ठीक रखे

- आपको जानकर थोड़ी हैरानी हो सकती है। लेकिन यह सही है कि जो लोग नियमित रूप से अपने पैर के तलुओं पर मालिश करते हैं या किसी और से कराते हैं, उनका पाचनतंत्र अन्य लोगों की तुलना में काफी ठीक रहता है। साथ ही उन्हें पेट संबंधी रोग नहीं घेरते हैं।
- साथ ही ऐसे लोगों के शरीर पर थकान हावी नहीं हो पाती है। पैर के तलुओं की मसाज करने से शरीर के डैमेज सेल यानी क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जल्द मरम्मत होती है। इससे त्वचा भी चमकदार बनी रहती है। तो देर किस बात की, खूबसूरती और सेहत के लिए आज से ही शुरू करें पैर के तलुओं की मालिश।



# ड्राई आई सिंड्रोम का संकेत हो सकता है आंखों में पानी आना

आंखे शरीर का सबसे जरूरी, सुंदर और नाजुक अंग है। सर्दी के मौसम में नमी और ठंडक के कारण आंखों में पानी आ जाता है लेकिन यह ड्राई आई सिंड्रोम का संकेत भी हो सकता है। इस बीमारी में आंखों से बहुत ज्यादा पानी आना, धुंधला दिखाई देना और चुभन महसूस होना, सूजन, रैशेज, लालपन जैसे लक्षण दिखाई देते है। इस बीमारी का समय पर इलाज न करने पर आंखों की रोशनी जा भी सकती है। ऐसे में इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप डॉक्टर की दवाइ के साथ-साथ कुछ घरेलू उपाय भी कर सकते हैं। इन घरेलू नुस्खों की मदद से आप बिना किसी नुकसान के इस परेशानी से छुटकारा पा सकते है।

**गीला कपड़ा** – आंखों को हाथों से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। आंखों में जलन, दर्द या खुजली होने पर साफ पानी में कपड़े को भिगोकर आंखों की सफाई करें। इससे किसी भी तरह की बीमारी का खतरा कम हो जाता है।

**नारियल का तेल** – नारियल तेल में मौजूद गुण आखों की गंदगी को साफ करते हैं। रोजाना आंखों के नीचे और आस-पास नारियल के तेल की मालिश करें। आपको इस समस्या से निजात मिल जाएगा।

**हर्बल टी** – कोमोमाइल या पेपरमिंट चाय की पत्तियों को थोड़ी देर गर्म पानी में भिगो दें। इसके बाद थोड़ी-थोड़ी देर में आंखों की सिकाई करें। ध्यान रहें कि पानी ज्यादा गर्म न हो।

**नमक** – कई बार आंखो में जलन और खुजली के कारण पानी आने लगता है। ऐसे में आप 1 गिलास गर्म पानी में चुटकीभर नमक डालकर आंखों की सिकांई करें। दिन में 3 बार इसका इस्तेमाल खुजली और जलन की परेशानी को दूर कर देगा।

**बेकिंग सोडा** – साफ पानी में 1 चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर गर्म करें। पानी थोड़ा रह जाने पर इससे अपनी आंखों को धो लें। इससे आपको आराम मिल जाएगा।

**ठंडा दूध** – कॉटन बॉल को ठंडे दूध में डिप करके अपनी आंखों के आस-पास रगड़ें। इसके अलावा आप कॉटन बॉल को ठंडे दूध में भिगोकर रख भी सकते है। इन उपायों को सुबह-शाम करने से आपको आराम मिल जाएगा।

**एलोवेरा** – एलोवेरा जेल में 1 चम्मच शहद और 1/2 कप एल्डरबैरी चाय मिलाएं। रोजाना दिन में 2 बार इस मिश्रण से अपनी आंखों को धोएं। आपकी परेशानी कुछ समय में ही दूर हो जाएगी।

**कच्चा आलू** – एस्ट्रिंजेंट के गुणों से भरपूर कच्चा आलू आंखों में पानी आने की समस्या से जल्दी राहत देता है। आलू की पतली स्लाइस काट कर कुछ देर फ्रिज में रखें। इसके बाद इस ठँडी स्लाइस को 15 से 20 मिनट के लिए आंखों के उपर रख लें। 2-3 दिन तक इसका इस्तेमाल आपकी इस समस्या को दूर कर देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रावासों में खिलाड़ियों के प्रवेश के लिए ट्रायल 13 मई को

**पिथौरागढ़।** सीमांत में आवासीय क्रीडा छात्रावासों में बालक व बालिका खिलाड़ियों के प्रवेश के लिए 13 मई से चयन ट्रायल शुरू होगा। मंगलवार को जिला क्रीड़ाधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि वर्ष 2025-26 में फुटबॉल, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, वालीबॉल, क्रिकेट व हॉकी खेलों में 11 जनपदों में संचालित आवासीय क्रीडा छात्रावासों में प्रवेश के लिए दो दिवसीय चयन ट्रायल होने हैं। निर्धारित तिथि को सुबह दस बजे से वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम चयन ट्रायल होगा। बताया कि चयन ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाडियों की आयु एक जुलाई 2025 तक 16 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### गंभीर के आभा और रोमांच की कमी हो रही महसूस

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के गेंदबाज हर्षित राणा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मंगलवार को होने वाले आईपीएल मैच से पहले कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स के डगआउट में गौतम गंभीर से जुड़ी आभा और रोमांच की कमी उन्हें महसूस हो रही है। गंभीर के कोच रहते हर्षित ने 2024 आईपीएल में 19 विकेट लिए थे। केकेआर ने पिछले साल खिताब भी हासिल किया था। पिछले एक साल में हर्षित ने भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेला। केकेआर ने इस सत्र में अभी तक 6 अंक हासिल किए हैं और तालिका में सातवें स्थान पर है। हर्षित ने कहा कि सहयोगी स्टाफ वही है। अभिषेक नायर भी लौट आए हैं। चंदू सर, ड्वेन ब्रावो सभी अच्छे हैं, लेकिन मुझे उस समय के रोमांच की कमी खल रही है। मैं अपने बारे में बोल रहा हूं।

### वैभव के मुरीद हुए शुभमन गिल, ये उनका दिन था

**मुंबई।** गुजरात टाइटन्स के खिलाफ गर्दा उड़ाने वाले वैभव सूर्यवंशी की तारीफ जीटी के कप्तान शुभमन गिल ने भी की। वैभव ने 11 छक्के और सात चौकों की मदद से आईपीएल के इतिहास के दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा। इसके अलावा वैभव सबसे कम उम्र में शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बने। गिल ने कहा कि ये उनका दिन था, जिसका उन्होंने खूब फायदा उठाया। गिल ने मैच के बाद कहा, उन्होंने पावरप्ले में गेम छीन लिया और इसका श्रेय वैभव को जाता है। कुछ चीजें ऐसी थीं जो हम बेहतर कर सकते थे, लेकिन बाहर बैठकर ऐसी बातें कहना बहुत आसान है। कुछ मौके हमें जल्दी मिले, लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा सके, लेकिन पीछे मुड़कर देखने पर मुझे लगता है कि कुछ क्षेत्र हैं।

### चेन्नई सुपर किंग्स की स्थिति इस बार बेहद खराब रही है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है

# पंजाब के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी चेन्नई

**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स की स्थिति इस बार बेहद खराब रही है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। बुधवार को चेन्नई के अपने घरेलू मैदान चेपक स्टेडियम में उसका सामना पंजाब किंग्स से होगा, जहां टीम अपनी किस्मत बदलने की आखिरी कोशिश करना चाहेगी। अब तक खेले गए नौ मैचों में चेन्नई को सिर्फ दो जीत मिली हैं और 7 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। इस समय वह अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर है। वहीं पंजाब किंग्स पांच जीत के साथ पांचवें स्थान पर है और चेन्नई को हराकर वह अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहेगी।



चेन्नई के लिए सबसे बड़ी परेशानी रही है उसका खुद का घरेलू मैदान, जहां टीम इस सीजन में लय नहीं पकड़ पाई। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की चोट के बाद कमान संभालने वाले महेंद्र सिंह धोनी भी टीम में जोश भरने में सफल नहीं हो सके हैं। धोनी ने खुद स्वीकार किया है कि टीम अभी तक सही योजना नहीं बना पाई है और पावरप्ले के दौरान बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में संघर्ष कर रही है।

मैच में कई दिलचस्प व्यक्तिगत भिड़ंत देखने को मिल सकती हैं। चेन्नई के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे की भिड़ंत पावरप्ले में अर्शदीप सिंह से हो सकती है, जबकि बीच के ओवरों में शिवम दुबे और युजवेंद्र चहल के बीच मुकाबला देखने लायक होगा। चहल शानदार फॉर्म में हैं और चेन्नई का मध्यक्रम उनकी चुनौती से कैसे निपटता है, यह अहम रहेगा।

पंजाब की ओर से प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य लगातार शानदार शुरुआत दे रहे हैं, जिन्हें रोकने की जिम्मेदारी खलील अहमद पर होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर एक स्थिर बल्लेबाज के रूप में टीम के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं और चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद को उन्हें रोकने की जिम्मेदारी निभानी होगी। धोनी अब भी 43 की उम्र में एक फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन चेन्नई के अन्य बल्लेबाजों विजय शंकर, दीपक हुड्डा और राहुल त्रिपाठी को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में जड़ेजा, अश्विन और पथिराना का संघर्ष भी टीम के लिए चिंता का विषय रहा है। पंजाब के पास अर्शदीप, चहल और मार्को यानसन जैसे संतुलित गेंदबाज हैं जो चेन्नई को कड़ी चुनौती दे सकते हैं।

#### संभावित प्लेइंग 11

**चेन्नई सुपर किंग्स:** शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रवींद्र जड़ेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, एमएस धोनी (विकेटकीपर/कप्तान), नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना

**पंजाब किंग्स:** प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, श्रेयस अय्यर (कप्तान), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को जानसन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल

### 17 साल के बाद आईपीएल के 18वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स ने बना दिए कई रिकॉर्ड



**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल को शुरू हुए 17 साल हो चुके हैं और 18वां सीजन जारी है, लेकिन किसी भी टीम ने 200 से ज्यादा रन का लक्ष्य 16 से कम ओवर में हासिल नहीं किया। हालांकि, इस बार राजस्थान रॉयल्स ने ये रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया, जो कि अब तक आरसीबी के नाम दर्ज था। इसके अलावा भी राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात टाइटन्स मैच में कई बेजोड़ रिकॉर्ड बने और टूटे। आईपीएल में सबसे कम ओवरों में 200 से ज्यादा रनों का लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड राजस्थान रॉयल्स के नाम दर्ज हुआ है। राजस्थान ने 15.5 ओवर में 210 रनों का टारगेट हासिल किया। वहीं, आरसीबी ने 16 ओवर में 2024 में गुजरात टाइटन्स के ही खिलाफ अहमदाबाद में 200 प्लस का टारगेट किया था। लिस्ट में तीसरा नाम मुंबई इंडियंस का है, जिसने वानखेड़े में 16.3 ओवर में 2023 में ये कमाल किया था। इसके अलावा आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सफलता पूर्वक पीछा किया गया सबसे बड़ा लक्ष्य है, जो 2023 में अहमदाबाद में केकेआर द्वारा बनाए गए 205 रन से ज्यादा है। साथ ही राजस्थान रॉयल्स संयुक्त रूप से तीसरी ऐसी टीम बन गई है, जिन्होंने 4 या इससे ज्यादा बार आईपीएल में 200 या इससे ज्यादा रनों का टारगेट चेज किया। आरआर के बराबर एसआरएच ने 4 मैच जीते हैं। एमआई ने 5 और पंजाब ने सात मैच जीते हैं। बल्लेबाज के हिसाब से वैभव ने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। वे आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने 14 साल और कुछ दिनों की उम्र में ही शतक लगा दिया। इसके अलावा वे भारत के लिए आईपीएल में सबसे तेज शतक जड़ने वाले बल्लेबाज भी बने।

### फव्वारे लगे, फिर भी मैदान सूखा

## सिरमौर में पांवटा में 7.50 करोड़ से एस्ट्रोटर्फ मैदान

**पांवटा साहिब (सिरमौर), एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय खेल एवं सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने माजरा को एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान की सौगात दी थी। एस्ट्रोटर्फ बिछाने के एक साल बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा सका है।

महिला हॉकी छात्रावास माजरा में 7.50 करोड़ से हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान तो तैयार कर दिया, लेकिन अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। इसके कारण मैदान पर पानी का छिड़काव नहीं हो पा रहा है। खिलाड़ियों को सूखे मैदान पर प्रैक्टिस करनी पड़ रही है। पूर्व केंद्रीय खेल एवं सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने माजरा को एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान की सौगात दी थी। एस्ट्रोटर्फ बिछाने के एक साल बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा सका है।



हाल ही में आयोजित उत्तर भारत हॉकी प्रतियोगिता के दौरान जनरेटर से पानी का छिड़काव करना पड़ा। 8 मई 2022 को तत्कालीन खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने 7.50 करोड़ रुपये एस्ट्रोटर्फ मैदान को देने की घोषणा की थी। 11 मार्च 2024 को मैदान का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। मैदान में पानी छिड़काव के लिए फव्वारे लगाए गए हैं। बिजली कनेक्शन न होने से फव्वारे काम नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते चलते हिमाचल प्रदेश स्कूल हॉकी छात्रावास माजरा की खिलाड़ियों को अभ्यास में दिक्कतें आ रही हैं।

माजरा टर्फ मैदान के लिए ट्रांसफार्मर लगाने की योजना है। शीघ्र ही इस योजना के तहत बिजली कनेक्शन सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी। -भूपेंद्र वर्मा, जिला खेल अधिकारी मैच के लिए जनरेटर मंगवाकर करवाया पानी का छिड़काव मेरा गांव मेरा देश संस्था के निदेशक अनुराग गुप्ता, अध्यक्ष पुष्पा खंड्जा, जाफर अली और लक्ष्मी चंद अत्री ने बताया कि पिछले उत्तर भारत हॉकी प्रतियोगिता के दौरान पानी के छिड़काव के लिए जनरेटर का सहारा लेना पड़ा। मैदान पर अस्थायी रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

**क्या कहते हैं हॉकी विशेषज्ञ:** सेवानिवृत्त हॉकी कोच चंद्रशेखर का कहना है कि बिना पानी छिड़काव के टर्फ पर खेलने से खिलाड़ियों के चोटिल होने का खतरा बढ़ जाता है। गेंद पर नियंत्रण कठिन हो जाता है। खेल की गति धीमी हो जाती है। मैदान के तापमान में वृद्धि के कारण खिलाड़ियों में निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) और स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती है। पानी का छिड़काव न होने से एस्ट्रोटर्फ मैदान के शीघ्र खराब होने की आशंका भी रहती है।

### चंडीगढ़ में चैंपियन फुटबॉल एकेडमी की शुरुआत

## कठोर चयन प्रक्रिया से होगा 20 खिलाड़ियों का चयन

**चंडीगढ़, एजेंसी।** चंडीगढ़ में चैंपियन फुटबॉल एकेडमी की शुरुआत की घोषणा हुई है, जो संजय गांधी एजुकेशनल सोसाइटी और संधू फुटबॉल एकेडमी के सहयोग से एक अच्छी पहल है। इसका मकसद भारत भर में असाधारण युवा फुटबॉल प्रतिभाओं को पहचानना, संवारना और सशक्त बनाना है।

इस एकेडमी का मुख्य मकसद उभरते हुए फुटबॉल खिलाड़ियों को अपनी खेल क्षमताओं को निखारने, गेम इंटेलिजेंस विकसित करने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए एक आदर्श मंच देना है। शुभारंभ के मौके पर बताया गया कि एकेडमी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए कठोर चयन प्रक्रिया होगी। जिसमें 2012 और 2013 में जन्मे 20 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन होगा। इन खिलाड़ियों का चयन विशेषज्ञ कोच द्वारा कठोर ट्रायल्स के माध्यम से होगा।



चैंपियन फुटबॉल एकेडमी अपने खिलाड़ियों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी। अनुभवी कोचों द्वारा विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें खिलाड़ियों को फुटबॉल के उच्च मानकों तक पहुंचने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण मिलेगा। इसके अतिरिक्त, खिलाड़ियों को शीर्ष फुटबॉल अकादमियों के भ्रमण का मौका मिलेगा और प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में भाग लेने का मौका भी मिलेगा। खिलाड़ियों की शिक्षा और खेल को संतुलित रूप से बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक समर्थन भी दिया जाएगा।

युवाओं के बेहतर विकास के लिए एकेडमी में नि:शुल्क आवास की सुविधा होगी और किफायती आवासीय सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। चयनित खिलाड़ियों को मुफ्त में प्रशिक्षण और प्लेइंग किट भी दी जाएगी। इसके अलावा, खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए प्राथमिक उपचार की निःशुल्क सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पूर्व निदेशक प्रो. डॉ.आई.पी. नागी द्वारा विशेषज्ञ मार्गदर्शन और मेंटरशिप मिलेगी। एकेडमी को चुनने के लाभ बताकर रंजन सेठी और चोपड़ा ने कहा कि यह खिलाड़ियों को विशेषज्ञ कोचिंग, अत्याधुनिक सुविधाएं और व्यक्तिगत मेंटरशिप प्रदान करेगी।



# भारत काफी अच्छी स्थिति में, खुदरा निवेशकों को लंबे समय तक निवेश में बने रहना चाहिए: सेबी अध्यक्ष

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी।** वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत काफी अच्छी स्थिति में है और खुदरा निवेशकों को बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद लंबे समय तक इसमें निवेश बनाए रखना चाहिए। बाजार नियामक सेबी के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने मंगलवार को यह बात कही। सेबी अध्यक्ष ने खुदरा निवेशकों के बारे में और क्या कहा, आइए इस बारे में जानते हैं।

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत काफी अच्छी स्थिति में है और खुदरा निवेशकों को बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद लंबे समय तक इसमें निवेश बनाए रखना चाहिए। बाजार नियामक सेबी के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने मंगलवार को यह बात कही।

**सेबी अध्यक्ष बोले- टैरिफ की चिंताओं के बावजूद भारतीय बाजार में लचीलापन:** पांडे ने पीटीआई के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा कि टैरिफ युद्ध के कारण दुनिया भर के बाजारों पर प्रभाव पड़ने के बाद से भारत ने काफी लचीलापन दिखाया है। बाजार नियामक ने देश की आर्थिक मजबूती पर प्रकाश डालते हुए कहा, मैं कहूंगा कि... वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद भारत काफी अच्छी स्थिति में है।



पांडे ने कहा कि इनमें सतत आर्थिक वृद्धि, कम राजकोषीय घाटा, उचित बाह्य ऋण, दोहरी बैलेंस शीट की समस्या का न होना तथा प्रबंधनीय चालू खाता घाटा आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देश विभिन्न द्विपक्षीय व्यापार सौदों पर भी बातचीत कर रहा है।

उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि भू-आर्थिक विखंडन के साथ-साथ विशेष रूप से अमेरिका की ओर से किए गए एलानों के कारण वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां बनीं। खुदरा निवेशकों पर चल रही अस्थिरता के प्रभाव के बारे में पांडे ने माना कि कई निवेशक हाल ही में बाजार से जुड़े हैं और उन्होंने कोई मंदी नहीं देखी है।

**वर्तमान हालात खुदरा निवेशकों के लिए सीखने का अवसर:** पांडे ने कहा कि यह खुदरा निवेशकों के लिए सीखने का अवसर साबित होगा। उन्होंने निवेशकों को लंबी अवधि तक के लिए निवेश बनाए रखने की सलाह दी है। इस वर्ष मार्च में सेबी के अध्यक्ष का पदभार संभालने वाले नौकरशाह से नियामक बने तुहिन कांत पांडे ने कहा, यदि वे (निवेशक) यही रणनीति अपनाते हैं, तो वे अल्पावधि में घबराने के बजाय निश्चित रूप से बेहतर स्थिति में होंगे।

उन्होंने कहा कि खुदरा निवेशकों को बेहतर जागरूकता लाने और उचित जानकारी के साथ दांव लगाने की भी जरूरत है। वायदा एवं विकल्प कारोबार का उदाहरण देते हुए, जहां खुदरा निवेशकों ने सट्टे जैसा दांव लगाया और 90 प्रतिशत से अधिक कारोबार में पैसा गंवाया, सेबी अध्यक्ष ने कहा कि किसी को कैसीनो में होने जैसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। पांडे ने कहा कि इस मोर्चे पर सेबी के उपाय कुछ हद तक प्रभावी रहे हैं। साल दर साल कारोबार में गिरावट आई है। उन्होंने बताया कि दो साल पहले की तुलना में अभी भी गतिविधि अधिक है।

सेबी अध्यक्ष से जब व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) प्रवाह में नरमी और खुदरा निवेशकों की निराशा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमें यह समझना चाहिए कि निवेशक अपने निर्णय स्वयं ले रहे हैं और अपनी परिसंपत्ति आवंटन में विविधता ला रहे हैं।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत में तेजी, अमेरिकी वित्त मंत्री बोले

## भारत के साथ समझौता करना आसान

**न्यूयॉर्क / वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट भारत के साथ द्विपक्षीय समझौते पर कहा कि, भारत के साथ बातचीत अच्छी चल रही है। मुझे लगता है हम बहुत करीब हैं। भारत के पास पहले से ही ऊंचे टैरिफ हैं, इसलिए उनके साथ बातचीत करना आसान है। जिन देशों के पास छिपे हुए या गैर-टैरिफ बाधाएं हैं, उनके साथ समझौता करना कठिन होता है।



अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौता लगभग पूरा होने वाला है। उन्होंने बताया कि भारत के साथ बातचीत अच्छी चल रही है और अन्य देशों की तुलना में भारत से समझौता करना आसान है क्योंकि यहां टैरिफ (शुल्क) साफ-साफ और स्पष्ट हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री ने यह बात व्हाइट हाउस में एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कही। सोमवार को एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि भारत उन शुरुआती देशों में से एक हो सकता है, जिनके साथ अमेरिका व्यापार समझौता कर सकता है, ताकि आपसी टैरिफ से बचा जा सके।

**हाल ही में भारत दौरे पर थे अमेरिकी उपराष्ट्रपति**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वांस पिछले हफ्ते भारत दौरे पर थे और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों देशों के बीच %द्विपक्षीय व्यापार समझौता% पर अच्छी प्रगति हुई। उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में बताया गया कि अब दोनों देशों ने बातचीत के लिए एक रोडमैप भी तय कर लिया है। बयान के अनुसार, यह समझौता दोनों देशों में रोजगार और कारोबार बढ़ाने में मदद करेगा। अमेरिका और भारत दोनों इसे अपने-अपने विकासकाल - अमृत काल और गोल्डन एज - से जोड़कर देख रहे हैं।

**क्या है भारत-अमेरिका व्यापार समझौता?:** यह एक नया और आधुनिक व्यापार समझौता होगा, जिसका मकसद दोनों देशों के लोगों की भलाई, नौकरियों में बढ़ोतरी, और सप्लाई चेन को मजबूत करना है। भारत की तरफ से इस बातचीत का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल कर रहे हैं। पिछले हफ्ते वॉशिंगटन में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच आमने-सामने की बातचीत शुरू हुई है।

**अमेरिका क्यों चाहता है समझौता?:** अमेरिका का कहना है कि इस समझौते से अमेरिकी सामानों को भारत में नए बाजार मिलेंगे और दोनों देशों के किसानों, कामगारों और उद्यमियों को फायदा होगा। अमेरिका ने पहले से ही 2 अप्रैल को कई देशों पर टैरिफ लगाए थे, लेकिन 9 अप्रैल को 90 दिन के लिए इन टैरिफों को सस्पेंड कर दिया (चीन और हांगकांग को छोड़कर)। हालांकि, 10त्न का आधार शुल्क और स्टील, एल्युमिनियम व ऑटो पार्ट्स पर 25त्न शुल्क अभी भी लागू है।

### आईफोन 17 की लांचिंग पर मंडरा रहे संकट के बादल

**नई दिल्ली।** चीन से आईफोन बनाने के लिए आवश्यक मशीनरी के आयात की अनुमति में लगातार हो रही देरी ने चिंता बढ़ा दी है। अगर यह देरी जारी रहती है, तो न केवल अपकमिंग आईफोन 17 के लॉन्च पर असर पड़ सकता है, बल्कि भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग को दोगुना करने की एप्पल की संभावित योजना भी प्रभावित हो सकती है। कंपनी का लक्ष्य था कि भारत से उत्पादन बढ़ाकर अमेरिका में आईफोन की मांग को पूरा किया जाए, ताकि चीन पर लगाए गए भारी आयात शुल्क से बचा जा सके। चीन से आयात को लेकर मंजूरी में देरी केवल इलेक्ट्रॉनिक्स तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सुरंग निर्माण में इस्तेमाल होने वाली ड्रिलिंग मशीनों और सोलर एनर्जी से जुड़ी मशीनों सहित अन्य क्षेत्रों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है।

### ग्रीनप्लाई का चौथी तिमाही में मुनाफा घटकर हुआ 16.6 करोड़

**नई दिल्ली।** प्लाईवुड उद्योग की अग्रणी कंपनियों में से एक ग्रीनप्लाई इंडस्ट्रीज का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही का मुनाफा 41.45 प्रतिशत घटकर 16.60 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 28.36 करोड़ रुपये रहा था। ग्रीनप्लाई ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जनवरी-मार्च 2025 में कंपनी की परिचालन आय 8.16 प्रतिशत बढ़कर 648.77 करोड़ रुपये हो गई। एक साल पहले यह 599.78 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी ने कहा ?कि चुनौतीपूर्ण बाजार परिदृश्य में चौथी तिमाही के लिए प्लाईवुड व्यवसाय में वृद्धि संतोषजनक रही।

### एडब्ल्यूएल एग्री कारोबार का मुनाफा बढ़कर 191 करोड़

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस का मुनाफा 22 प्रतिशत बढ़कर 190.66 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में मुनाफा 156.75 करोड़ रुपये रहा था। एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया ?कि जनवरी-मार्च 2025 में कुल आय बढ़कर 18,291.63 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 13,327.05 करोड़ रुपये थी। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में मुनाफा बढ़कर 1,225.81 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 147.99 करोड़ रुपये था। कुल आय 2024-25 में बढ़कर 63,910.28 करोड़ रुपये हो गई।

## एमजी विंडसर ईवी का नया मॉडल मई 2025 में होगा उपलब्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमजी मोटर कंपनी अपनी बिक्री को और बढ़ाने के लिए विंडसर ईवी को एक बड़े 55केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ लॉन्च करने की योजना बना रही है। यह नया मॉडल मई 2025 में बाजार में उपलब्ध हो सकता है। वर्तमान में, एमजी विंडसर ईवी में 38केडब्ल्यूएच का लिथियम-आयरन-फॉस्फेट (एलएफपी) बैटरी पैक है, जो सिंगल चार्ज में 331 किमी तक की रेंज प्रदान करता है। हालांकि, अपकमिंग 55केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ नई विंडसर ईवी सिंगल चार्ज पर लगभग 500 किमी की रेंज ऑफर करेगी। इसके अलावा, नई विंडसर ईवी में एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (अडास) के साथ ऑटोनॉमस इमरजेंसी ब्रेकिंग, अडेप्टिव क्रूज कंट्रोल और लेन असिस्ट जैसे फीचर्स भी शामिल किए जा सकते हैं। एमजी विंडसर ने महज छह महीनों में 20,000 यूनिट्स की बिक्री के साथ



एक नया माइलस्टोन हासिल किया है, जिससे यह देश की सबसे तेज़ बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार बन गई है। भारतीय बाजार में विंडसर ईवी तीन वैरिएंट्स एक्साइट, एक्सक्लूसिव और एसेंस में उपलब्ध है, जो ग्राहकों को विभिन्न विकल्प प्रदान करती है। बता दें कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को देखते हुए एमजी मोटर ने अपनी विंडसर ईवी की बुकिंग अक्टूबर 2024 में शुरू की थी और यह अब तक देश की बेस्ट-सेलिंग इलेक्ट्रिक कार बन गई है।

## एक्सीलेंस लीडरशिप अवार्ड सेरेमनी संपन्न

**सोहागपुर, एजेंसी।** दिल्ली के ए.पी.वी स्टूडियो शास्त्री नगर में निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन द्वारा एक्सीलेंस लीडरशिप अवार्ड समारोह का एक अत्यंत प्रेरणादायक आत्मिक और सराहनीय अवार्ड शो का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण विशेष कर वृक्ष रोपण अभियानों में निस्वार्थ सेवा देने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया और बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ में सभी को सम्मानित किया गया। जिसमें भारत के सभी क्षेत्र के सामाजिक कार्यों को समर्पित होकर करने वाले लोगों को सम्मानित किया।

जिसमें भारतीय समाज सेवा प्रतिष्ठित सम्मान से प्रियांशु धारसे को सम्मानित किया।



वही ग्लोबल युनिवर्सिटी मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किए गए डॉ.शैलेन्द्र कुमार शर्मा मध्य प्रदेश,डॉ.अब्दुल जमील खान मध्य प्रदेश,डॉ. वासु चौधरी मध्य प्रदेश से न्यूज़ के फाउंडर डायरेक्टर डॉ नदीम अहमद के द्वारा पूरे कार्यक्रम की न्यूज़ कवरेज की गई। डॉ नदीम को नीरजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन की ओर से दिल्ली अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया। समापन पहलगाम आतंकी हमले में हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही कांता शर्मा शीतल जी सामाजिक गतिविधियों व्यावसायिक महिला भारत, डॉ. परविंदर सिंह संस्थापक पेज 3 न्यूज़ दैनिक समाचार पत्र थाईलैंड, सम्मानित अतिथि डॉ. डीके पांडे वरिष्ठ फॉरेंसिक लैब (ष्ट्रढ्ढष्ठ),मदन मोहन समर (ह्रश्व) व राष्ट्रीय कवि भोपाल,धार्मिक नेता लामा च्यापचो रिनपोछे काठमांडू नेपाल,गुरदीप एन ढिल्लो धार्मिक गुरु दिल्ली,संजीव शर्मा सीईओ डिजायर न्यूज़ दिल्ली, आदित्य राज पुनिया आध्यात्मिक और मनोविज्ञान सहानुभूति, लेखक और उद्यमी, रियल एस्टेट निवेश सलाहकार कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सौरभ पांडे निर्देशक धराधाम इंटरनेशनल द्वारा की गई। वही डॉ. बी एल यादव को शिक्षा और चिकित्सा सेवा में बेहतर कार्य करने हेतु दिल्ली गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### चारधाम यात्रा : 4300 से अधिक घोड़ा-खच्चर संचालक यात्रा मार्ग पर देंगे सेवा

**देहरादून।** गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही बुधवार से पवित्र चारधाम यात्रा शुरु होने जा रही है। चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। यात्रा से होटल-लॉज संचालक, परिवहन कारोबारियों से लेकर घोड़े-खच्चर संचालकों तक की आजीविका चलती है। इसी क्रम में केदारनाथ और यमुनोत्री पैदल मार्ग पर इस बार 4300 से अधिक घोड़े-खच्चर संचालक अपनी सेवा देंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि श्रद्धालुओं की यात्रा, सुखद और आरामदायक हो, इसके लिए सड़क परिवहन से लेकर हेली और घोड़े खच्चरों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पशुपालन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पूरी तरह स्वस्थ घोड़े-खच्चरों को ही यात्रा में भेजा जाए। साथ ही यात्रा मार्ग पर भी घोड़े-खच्चरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। केदारनाथ धाम जाने के लिए तीर्थयात्रियों को गौरीकुंड से करीब 18 किमी लंबा पैदल रास्ता तय करना पड़ता है। इस कारण बड़ी संख्या में यात्री घोड़े-खच्चरों की सेवा लेते हैं। इस बार केदारनाथ धाम के लिए अब तक 2493 संचालकों ने पांच हजार से अधिक घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण करवा लिया है। पशुपालन विभाग ने स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर घोड़े-खच्चरों के फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किए हैं। विभाग की ओर से सोनप्रयाग, गौरीकुंड, लिंचौली और केदारनाथ में पशु चिकित्सालय बनाए जाने के साथ ही पांच डॉक्टर और सात पैरावेट भी नियुक्त किए गए हैं। पैदल मार्ग की 13 जगहों पर गरमपानी की भी व्यवस्था की गई है।

### नुश्की में ऑयल टैंकर में लगी भीषण आग, चालक की मौत, 40 से अधिक घायल

**नुश्की (बलूचिस्तान)।** बलूचिस्तान के नुश्की जिले में सोमवार की रात एक ऑयल टैंकर में भीषण आग लगने के बाद हुए विस्फोट में चालक की मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक लोग झुलसने से घायल हो गए। इस घटना की पुष्टि नुश्की के डिप्टी कमिश्नर अमजद हुसैन ने की है। डिप्टी कमिश्नर के अनुसार, हादसे में गंभीर रूप से घायल 26 व्यक्तियों को बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती द्वारा उपलब्ध कराई गई एयर एंबुलेंस के जरिये क्वेटा स्थानांतरित किया गया है। पुलिस के मुताबिक, एक डिपो में खड़े तेल भरे टैंकर पर वेल्डिंग का काम चल रहा था, तभी अचानक उसमें आग लग गई। संभावित बड़े हादसे को टालने के प्रयास में टैंकर चालक जलते वाहन को टर्मिनल से बाहर खुले मैदान में ले गया, लेकिन वह खुद आग की चपेट में आ गया। चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इसी दौरान आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और टैंकर में जोरदार विस्फोट हो गया, जिससे 40 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में एक डीएसपी और तीन अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, जो नागरिकों को घटनास्थल से हटाने के प्रयास में लगे थे। घटना में एक फायर ब्रिगेड वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ है।


### पश्चिम बंगाल में सुरक्षा एजेंसियों के हत्थे चढ़ा बांग्लादेशी नागरिक असल में निकला पाकिस्तानी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एक पाकिस्तानी नागरिक की गिरफ्तारी से खुफिया एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी पासपोर्ट रैकेट की जांच के दौरान जिस आज़ाद मल्लिक को गिरफ्तार किया था, अब उसे लेकर दावा किया है कि वह बांग्लादेशी नहीं, बल्कि पाकिस्तान का नागरिक है। ईडी की जांच में सामने आया है कि आज़ाद मल्लिक नाम और पहचान बदल कर भारत में फर्जी दस्तावेज़ों के ज़रिए पासपोर्ट बनाने का गोरखधंधा चला रखा था। कोलकाता के बिराटी के बांकरा इलाके में रहने वाले आज़ाद के ठिकाने से पाकिस्तान का ड्राइविंग लाइसेंस बरामद हुआ है, जिस पर उसका नाम आजाद हुसैन लिखा हुआ है। एजेंसी के मुताबिक, उसका असली नाम अहमद हुसैन आज़ाद उर्फ़ आज़ाद हुसैन है।

### इजराइल ने कश्मीर हमले को बताया अस्वीकार्य, पाकिस्तान पर सख्त रुख

**मुंबई।** मध्य-पश्चिम भारत में इजराइल के महावाणिज्य दूत कोब्बी शोशनी ने हाल ही में कश्मीर में हुए आतंकी हमले को 'अस्वीकार्य' करार देते हुए कहा कि वहां से सामने आई तस्वीरें अत्यंत दिल दहला देने वाली हैं। उन्होंने पाकिस्तान से कश्मीर में जारी आतंकी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण करने की अपील की। कोब्बी शोशनी ने कहा, भारत और इजराइल के बीच संबंध गहरे और अटूट हैं। यह केवल सरकारों या नेताओं तक सीमित नहीं, बल्कि दोनों देशों की जनता के बीच भी एक मजबूत बंधन है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, जो कुछ हमने कश्मीर में देखा, वह एक इंसान, एक दोस्त और भारत के भाई के तौर पर हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। तस्वीरें देखकर गहरा दुख हुआ।

# फाटा पहुंची बाबा केदारनाथ की पंचमुखी डोली, पुष्प वर्षा से स्वागत



रुद्रप्रयाग/चमोली ■ एजेंसी

बाबा केदारनाथ की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली अपने दूसरे पड़ाव पर फाटा पहुंच गई है। बाबा की डोली सोमवार को ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से रवाना हुई थी।

मंगलवार को विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी में मंदिर के पुजारी शिव लिंग और केदारनाथ धाम के लिए नियुक्त पुजारी बागेश लिंग ने भगवान केदारनाथ और भगवान विश्वनाथ की पूजा-अर्चना करते हुए संयुक्त आरती उतारी और भोग लगाया। साथ ही अन्य धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। सुबह 9 बजे बाबा केदार की चल उत्सव डोली ने अपने धाम केदारनाथ के लिए प्रस्थान किया। भक्तों के जयकारों और सेना की बैंड धुनों के बीच बाबा केदार की चल उत्सव डोली ने नाला, नारायणकोटी, मैखंडा में अपने भक्तों को दर्शन और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया।

इस दौरान भक्तों ने अपने आराध्य को मौसमी फूल-फल और भेंट अर्पित किया। दोपहर बाद 2.30 बजे डोली फाटा पहुंची, जहां पर स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से बाबा केदार की डोली और मुख्य पुजारी बागेश लिंग का स्वागत किया। बुधवार को बाबा केदार की चल उत्सव विग्रह डोली फाटा से अपने धाम के लिए प्रस्थान करेगी और रामपुर, नयाल्सू, सीतापुर, सोनप्रयाग होते हुए अपने अंतिम रात्रि प्रवास गौरीकुंड पहुंचेगी, जहां गौरी माई से मिलन होगा। एक मई को बाबा केदार की डोली अपने धाम केदारनाथ पहुंचेगी। दो मई को सुबह 7 बजे शुभ लग्न पर केदारनाथ मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिये जाएंगे।

उधर, श्रीबदरीनाथ धाम के कपाट 4 मई को शुभ लग्न पर खोले जाएंगे। यहां कपाटोद्घाटन के लिए प्रशासन, पुलिस और श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी है। पुलिस द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के लिए बदरीनाथ में थाना का संचालन शुरू कर दिया गया है।

श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश चंद्र गौड़ ने बताया कि 2 मई को ज्योर्तिमठ से आदिगुरू शंकराचार्य की गद्दी और गरुड़ भगवान की मूर्ति बदरीनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी। 3 मई की सुबह कुबेर जी, गरुड़, उद्धव की उत्सव डोली बदरीनाथ के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि कपाटोद्घाटन के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

### कांग्रेस के विवादित पोस्ट पर भाजपा हमलावर, कहा-

# आतंकी हमले में पाकिस्तान का साथ दे रही कांग्रेस : भाटिया

नई दिल्ली ■ एजेंसी


भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाने वाले कांग्रेस के एक्स पर विवादित पोस्ट को लेकर उस पर निशाना साधा है। भाजपा ने कांग्रेस पर पाकिस्तान का साथ देने का आरोप लगाया है।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस पाकिस्तान को संकेत दे रही है कि इस आतंकी हमले में वह पाकिस्तान के साथ खड़ी है, न कि अपने देश के साथ। यह कांग्रेस द्वारा किया गया कोई मासूम पोस्ट नहीं है। यह हमारे देश की अखंडता को कमजोर करने और प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाने की एक भयावह, जहरीली साजिश है। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि पहलगाम में आतंकी हमला हुआ। भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी स्पष्टता से कहा कि आतंकियों को नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा और उनके आकाओं को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो जीवन भर याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की पूरी शक्ति जिसमें प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व, हमारी वीर सेना की ताकत और 140 करोड़ भारतीयों की शक्ति, दुआएं और प्रार्थना शामिल है, वो आज एक लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने कहा कि एक ऐसा भारतीय राजनीतिक दल भी है, जो हमारे बीच रहता है, लेकिन अगर उसे लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस कहा जाए, तो गलत नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने दृढ़ता से कहा है कि आतंकियों का सफाया किया जाएगा और उन्हें समर्थन देने वाले देश को उसकी कल्पना से परे सजा दी जाएगी। इस मुद्दे पर पूरा देश एकजुट है। हालांकि, एक तथाकथित राष्ट्रीय पार्टी दुश्मन ताकतों के साथ गठबंधन करती दिख रही है। इसे लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस कहना पूरी तरह से अनुचित नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी जो भारत के हर नागरिक के लिए सुरक्षा की चट्टान हैं, उस चट्टान को तोड़ने की आज कांग्रेस कोशिश कर रही है। कांग्रेस में बिना राहुल गांधी की सहमति के पत्ता तक नहीं हिलता। राहुल गांधी के कहने पर ही ऐसे पोस्ट किए जाते हैं।

भाटिया ने कहा कि पाकिस्तान और कांग्रेस की जुगलबंदी को लगता है कि वो भारतीय सरकार को कमजोर कर सकते हैं और हमारी सेना का मनोबल तोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सेना का मनोबल हिमालय से भी ऊंचा है। हमारी सरकार और हमारे देश का मनोबल चट्टान की तरह मजबूत है और किसी में भी इस समय इतना दम नहीं है कि वह देश का मनोबल तोड़ना तो दूर, कम भी कर सके।

उल्लेखनीय है कि पहलगाम हमले को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए सोमवार को एक विवादित पोस्टर जारी किया। इसमें प्रधानमंत्री के सिर और पैरों को गायब कर दिया गया है। साथ ही सिर की जगह पर बड़े अक्षरों में गायब लिखा हुआ है। यह पोस्टर एक्स पर कांग्रेस के आधिकारिक अकाउंट पर शेयर किया गया है। कांग्रेस ने पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, जिम्मेदारी के समय- गायब।




#### कांग्रेस देश को छोड़ मुस्लिम वोट बैंक साधने की कोशिश में जुटी

कांग्रेस की पोस्ट पर भाजपा नेता अमित मालवीय का पलटवार किया है। मंगलवार को भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्वीट करके कहा कि कांग्रेस ने सर तन से जुदा की छवि का इस्तेमाल करके कोई संदेह नहीं छोड़ा है। यह महज एक राजनीतिक बयान नहीं है; यह मुस्लिम वोट बैंक को साधने और प्रधानमंत्री के खिलाफ़ एक छिपी हुई उकसावेबाजी है। यह पहली बार नहीं है, जब कांग्रेस ने इस तरह की रणनीति अपनाई है। राहुल गांधी ने कई मौकों पर प्रधानमंत्री के खिलाफ़ हिंसा को उकसाया और उचित ठहराया है। फिर भी कांग्रेस कभी सफल नहीं होगी, क्योंकि प्रधानमंत्री को लाखों भारतीयों का प्यार और आशीर्वाद प्राप्त है। इसके विपरीत, कहावत के अनुसार अगर किसी की गर्दन कटी है, तो वह कांग्रेस है – जो अब बिना सिर के हाइड्रा में सिमट गई है, जो बिना दिशा के लड़खड़ा रही है।

#### अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस की विशेष सत्र की मांग पर कहा-संसद में चर्चा से ज्यादा जरूरी है पाकिस्तान को करारा जवाब देना

पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस की संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाने की मांग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अनुराग ठाकुर ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि आज संसद में चर्चा से ज्यादा ऐसे कदम उठाने की जरूरत है जिससे पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा चर्चा में विश्वास रखती है। सही समय आने पर चर्चा कराने में कोई आपत्ति नहीं है। हम लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं और जब भी सदन में किसी विषय पर चर्चा की मांग की गई, हमने उस पर चर्चा की। चिराग ने कहा-मुंहतोड़ जवाब देने का समय : इस मसले पर बिहार की राजधानी पटना में केंद्रीयमंत्री चिराग पासवान ने भी टिप्पणी की है।

# गाजियाबाद ननि पहले प्रमाणित ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड के जरिए जल प्रबंधन में अग्रणी भूमिका




नई दिल्ली ■ एजेंसी

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत गाजियाबाद (उप्र) ने देश के पहले प्रमाणित ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड को सफलतापूर्वक जारी करके संधारणीय बुनियादी ढांचे और शहरी लचीलेपन को बढ़ावा देने में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। इससे अत्याधुनिक तृतीयक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (टीएसटीपी) के विकास के लिए 150 करोड़ जुटाए गए हैं।

आवास एवं शहरी मामलों का मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि यह सिर्फ़ एक और बुनियादी ढांचा परियोजना नहीं बल्कि एक गेम-चेंजर है, जो गाजियाबाद की अपने नागरिकों के लिए एक संधारणीय भविष्य बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। निधियों को एक उन्नत टीएसटीपी के विकास की दिशा में निर्देशित किया गया है, जो एक अत्याधुनिक सुविधा है। इसे अभूतपूर्व पैमाने पर अपशिष्ट जल का उपचार और पुनः उपयोग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड ने भारत के वित्तीय परिदृश्य में एक नया अध्याय लिखा, जो शहरी बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण के लिए एक संधारणीय मॉडल प्रदान करता है। केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के समर्थन से यह परियोजना सिर्फ़ एक जल उपचार सुविधा से कहीं अधिक है। यह भारत भर के भविष्य के शहरों के लिए वित्तीय अनुशासन को पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ जोड़ने का खाका है। इस पहल के केंद्र में तृतीयक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (टीएसटीपी) है, जो एक तकनीकी चमत्कार है, जो माइक्रोफिल्ट्रेशन, अल्ट्राफिल्ट्रेशन, नैनोफिल्ट्रेशन और रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) सहित उन्नत मेम्ब्रेन फिल्ट्रेशन तकनीकों का उपयोग करता है। ये अत्याधुनिक तकनीकें यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ काम करती हैं कि उपचारित पानी उच्चतम मानकों को पूरा करता है, जिससे यह औद्योगिक प्रक्रियाओं में पुन उपयोग के लिए उपयुक्त हो जाता है। 40 एमएलडी की उपचार क्षमता के साथ टीएसटीपी एक विशाल 95 किलोमीटर पाइपलाइन नेटवर्क से जुड़ा हुआ है, जो गाजियाबाद में 1,400 से अधिक औद्योगिक इकाइयों को उपचारित पानी पहुंचाता है।

# ओलावृष्टि से प्रभावित मणिपुर को 153 करोड़ की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता मंजूर

नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) ने वर्ष 2024 के दौरान ओलावृष्टि से प्रभावित मणिपुर को 153.36 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) से यह सहायता राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) में उपलब्ध वर्ष के लिए प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार प्राकृतिक आपदाओं और विपत्तियों के दौरान राज्य सरकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मंत्रालय के अनुसार, यह अतिरिक्त सहायता केंद्र द्वारा राज्यों को एसडीआरएफ में जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों के पास उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, केंद्र सरकार ने एसडीआरएफ के तहत 28 राज्यों को 20,264.40 करोड़ रुपये और एनडीआरएफ के तहत 19 राज्यों को 5,160.76 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (एसडीएमएफ) से 19 राज्यों को 4984.25 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) से 8 राज्यों को 719.72 करोड़ रुपये भी जारी किए गए हैं।

इसी प्रकार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अब तक केन्द्र सरकार द्वारा एसडीआरएफ के तहत 1 राज्य को 895.60 करोड़ रुपये तथा एनडीआरएफ के तहत 7 राज्यों को 929.633 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।




## बंगाल में सेना के जवान के घर पर लगा धमकी भरा पोस्टर, पुलिस जांच में जुटी

**कोलकाता।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटना के बाद से देशभर में चिंता का माहौल है। पहलगाम आतंकी हमले में जहां 26 पर्यटकों की मौत हुई, वहीं इसी दौरान पश्चिम बंगाल के नदिया ज़िले के तेहट निवासी सेना के जवान झंटु अली शेख की भी शहादत हो चुकी है। इसी पृष्ठभूमि में अब हुगली ज़िले के एक सैनिक के घर पर धमकी भरा पोस्टर मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना हुगली ज़िले के धनियाखाली थाना अंतर्गत चैतन्यबाटी गांव की है। यहां के निवासी गौरव मुखोपाध्याय भारतीय सेना में दो वर्ष पूर्व भर्ती हुए थे और वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं।

प्रारूप-28
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन
नगर पालिका प्रशासन सीहोर

एन.आई.टी. संख्या /3057 /विद्यु.शा./ई.टेंडरिंग    दिनांक 28.04.2025

निम्नलिखित संविदाकार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडो को पूरा करती हो ऑनलाईन बोली आमंत्रित है ।

| क्र.सं/पैकेज/कोड | आपूर्तियों | जिला | संभावित राशि | अवधि (दिन) |
|---|---|---|---|---|
| GEM/2025/B/6172492 GEM/2025/B/6172535 GEM/2025/B/6172557 | Electricals Goods | सीहोर | 250000 | 30 |

1– इच्छुक बोलीदाता वेबसाईड https://gem.gov.in पर निविदा से संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते है ।
2– निविदा में संशोधन,यदि कोई हो,तो केवल, वेबसाईड पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं ।
3– इसके अतिरिक्त किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सीहोर

## पंजाब ने भाखड़ा से आने वाले हरियाणा के पानी की सप्लाई घटाई

**चंडीगढ़।** पंजाब ने भाखड़ा के माध्यम से हरियाणा को दी जा रही पानी की सप्लाई को आधा कर दिया है। पंजाब ने कुल नौ हजार क्यूसेक में से पांच हजार क्यूसेक की कटौती कर दी है, जिससे हरियाणा के छह जिलों में पानी का गंभीर संकट पैदा होना शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में यह संकट और गहरा हो सकता है। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड की निगरानी में पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा व राजस्थान को हर साल पेयजल व सिंचाई के लिए पानी की सप्लाई दी जाती है। वाटर अलॉटमेंट का यह सीजन हर साल 21 मई से 21 मई तक की अवधि के लिए मान्य होता है। इस नहरी पानी से पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में लाखों एकड़ भूमि की सिंचाई होती है। इस नहर का पानी शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है, खासकर जहां पानी की कमी होती है। पंजाब का दावा है कि हरियाणा को नौ हजार क्यूसेक पानी की सप्लाई की जाती है। हरियाणा का जल प्रबंधन सही नहीं था। हरियाणा सरकार अपने तय कोटे का इस्तेमाल मार्च में ही कर चुकी है, जिसके बाद पंजाब ने हरियाणा को दिए जाने वाले पानी में पांच हजार क्यूसिक की कटौती कर दी है। इसे लेकर हरियाणा के हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, रोहतक, महेन्द्रगढ़ समेत कई जिलों में पानी की किल्लत शुरू हो गई है। यह किल्लत अन्य जिलों को भी प्रभावित कर सकती है।

प्रारूप-28
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन
नगर पालिका प्रशासन सीहोर

एन.आई.टी. संख्या /3053 /विद्यु.शा./ई.टेंडरिंग    दिनांक 28.04.2025

निम्नलिखित संविदाकार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडो को पूरा करती हो ऑनलाईन बोली आमंत्रित है ।

| क्र.सं/पैकेज/कोड | आपूर्तियों | जिला | संभावित राशि | अवधि (दिन) |
|---|---|---|---|---|
| GEM/2025/B/6172307 | Decorative Pole With Light And Installation | सीहोर | 391000/– | 30 |

1– इच्छुक बोलीदाता वेबसाईड https://gem.gov.in पर निविदा से संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते है ।
2– निविदा में संशोधन,यदि कोई हो,तो केवल, वेबसाईड पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं ।
3– इसके अतिरिक्त किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सीहोर

ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन
नगर पालिका प्रशासन सीहोर

एन.आई.टी. संख्या /3055 /विद्यु.शा./ई.टेंडरिंग    दिनांक 28.04.2025

निम्नलिखित संविदाकार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडो को पूरा करती हो ऑनलाईन बोली आमंत्रित है ।

| क्र.सं/पैकेज/कोड | आपूर्तियों | जिला | संभावित राशि | अवधि (दिन) |
|---|---|---|---|---|
| GEM/2025/B/6172399 | Cable Wire | सीहोर | 250000/– | 30 |

1– इच्छुक बोलीदाता वेबसाईड https://gem.gov.in पर निविदा से संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते है ।
2– निविदा में संशोधन,यदि कोई हो,तो केवल, वेबसाईड पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं ।
3– इसके अतिरिक्त किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सीहोर

## संक्षिप्त समाचार



### पुनः अव्यवस्थित हो चला गांधी मंच के सामने अस्थाई बाजार

**सोहागपुर।** शहर स्थित गांधी मंच के सामने अस्थाई बाजार लगाया जाता है। बाजार में दुकानों के टेबल, पलंग, बेंच आदि रात्रि में व्यापारियों को घर ले जाने चाहिए। लेकिन वे इन्हें यही रख देते हैं। जिससे अस्थाई बाजार धीरे-धीरे स्थाई रूप लेता जा रहा है। मामले में नप राजस्व कर्मियों का कठोर निर्णय न लेना किसी छिपे लाभ का इशारा करता है।

### चार नगरीय क्षेत्रों में एक महीने का सफाई अभियान

**हरदा।** हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के चारों नगरीय क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान की घोषणा की है। यह अभियान हरदा, टिमरनी, सिराली और खिरकिया के बाजार क्षेत्रों में चलाया जाएगा। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बाजार क्षेत्रों में कचरा संग्रहण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। सड़क पर कचरा फेंकने और दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने पर स्पॉट फाइन लगाया जाएगा। हरदा में यह अभियान 29 अप्रैल से 31 मई तक चलेगा। हरदा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार ने बताया कि सफाई के लिए तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### हरदा में प्रेम विवाह के बाद पत्नी का अपहरण,पति को मैसेज कर मांगी मदद

**हरदा।** हरदा के खिरकिया निवासी एक सब्जी विक्रेता ने मंगलवार को जन सुनवाई में कलेक्टर से अपनी लापता पत्नी को ढूंढने की मदद मांगी। शिकायतकर्ता धर्मेंद्र नागराज ने बताया कि उसने इंदौर के सिमरोल गांव की यशवी मेहर (19) से 27 नवंबर को आर्य समाज मंदिर में प्रेम विवाह किया था। धर्मेंद्र के अनुसार, 21 फरवरी को सुबह 9 बजे कुछ अज्ञात लोग (एमपी 09 डीए 5822) नंबर की गाड़ी से आए और यशवी का अपहरण कर ले गए। प्रेम विवाह के कारण ससुराल पक्ष नाराज था और पत्नी को वापस ले जाने की धमकी दे चुका था। घटना के बाद धर्मेंद्र ने छीपाबड़ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने सीएम हेल्पलाइन 181 और एसपी कार्यालय में भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

#### जनसुनवाई के दौरान वीसी के माध्यम से किया गया संबंधित अधिकारी को निर्देशित

# कलेक्टर ने व्यक्तिगत संवाद कर सुनी आम जनता की समस्याएं

**अनुकंपा नियुक्ति, शासकीय योजनाओं का लाभ, सीमांकन एवं अन्य राजस्व संबंधी मामले, अतिक्रमण सहित ऐसे अन्य 107 आवेदनों का कलेक्टर ने किया समाधान**



### समयसीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें

जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण, अनुकंपा, राशन कार्ड एवं अन्य शासकीय योजनाओं से संबंधित शिकायतो की सुनवाई हुई। कलेक्टर सुश्री मीना ने सभी प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश देते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें।

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं एवं उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपने आवेदन, शिकायतें और सुझाव लेकर पहुंचे। कलेक्टर द्वारा प्रत्येक नागरिक से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी समस्याओं की गंभीरतापूर्वक समीक्षा कर उनका समाधान किया गया। कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाली अनुविभागीय स्तर की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान सदर बाजार नर्मदापुरम निवासी श्रीमती रागिनी मेवारी ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके पति के निधन के उपरांत उनकी पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए। कलेक्टर ने प्रकरण की गंभीरतापूर्वक समीक्षा कर जिला कार्यालय के स्थापना शाखा के प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया कि बालिका के समस्त दस्तावेजों की जांच कर नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार, श्रीमती नीलम जोशी ने भी जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपने दिवंगत पिता के निधन के उपरांत अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने का अनुरोध किया। कलेक्टर ने जिला कार्यालय के स्थापना शाखा प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए कि नियमानुसार आवश्यक जांच एवं कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाए।

ग्राम बोरना ठाकुर, तहसील पिपरिया निवासी श्री कमल सिंह ने अपनी भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तहसीलदार पिपरिया श्री वैभव बैरागी को निर्देशित किया कि आवेदनकर्ता की शिकायत को प्राथमिकता से लेते हुए सीमांकन की कार्यवाही शीघ्र करवाई जाए। साथ ही, कार्य पूर्ण होने के पश्चात् जिला कार्यालय को सूचित कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। नर्मदापुरम निवासी कु. इशिका बदकुले ने पीडीएस ई-केवाईसी न होने की समस्या से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया में आ रही समस्या का समाधान कर बालिका का ई-केवाईसी शीघ्र करवाया जाए।

#### जगह-जगह शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

## भगवान परशुराम की पूजन अर्चन कर निकली शोभायात्रा , लगे जयकारे



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

शहर में मंगलवार को भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई ।सेठानी घाट से शोभा यात्रा शुरू हुई। भगवान परशुराम की प्रतिमा की पूजा अर्चना पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा ने की । भगवान की शोभायात्रा खेड़ापति हनुमान मंदिर के सामने होते हुए सेंट्रल बैंक, सराफा चौक, मोरछली चौक, इतवारा बाजार, सतरस्ता हलवाई चौक होते हुए वापस सेठानी घाट पहुंची। भगवान परशुराम की यात्रा में हजारों की संख्या में विप्र बंधु ,महिला पुरुष, मातृशक्ति विशेष रूप से शामिल हुए। भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे । बैंड बाजे की धुन पर और भगवान परशुराम की जय जयकारे से शहर गूंज उठा । जगह-जगह शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। सराफा चौक , सेंट्रल बैंक , इतवारा बाजार , सतरस्ते हलवाई चौक पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शहर के नागरिकों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की।

### अखिल भारतीय कायस्थ मातृशक्ति ने की पुष्प वर्षा

शहर के मोरछली चौक सांई मंदिर के पास अखिल भारतीय कायस्थ मातृशक्ति ने भगवान परशुराम की शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की ।इस दौरान अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को जलपान कराया ।ठंडा ठंडा कोल्ड ड्रिंक पिलाया और सभी विप्र बंधुओं के ऊपर फूलों की वर्षा की ।इस अवसर पर मंजू श्रीवास्तव, ज्योति वर्मा, प्रीति खरे, सुमन वर्मा अनीता वर्मा, अदिति वर्मा, आदित्य, मनोज वर्मा, मधु सोनी ,राहुल सोनी, आनंद श्रीवास्तव, सुभाष सोनी, प्रियंका सोनी , नेहा सोनी सहित अन्य मातृशक्ति मौजूद थीं।

#### तिरंगा बदलवाने नर्मदापुरम के मनीष परदेशी ने एक्स पर चलाई थी मुहिम

## 24 दिनों के बाद नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर फिर लहराया 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

नर्मदापुरम रेल्वे स्टेशन पर 100 फिट ऊंचा लगा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा पिछले 5 अप्रैल से नहीं लहरा रहा था। क्योंकि कारण था निचले हिस्से से राष्ट्रीय ध्वज फट गया था और यह फटा हुआ ध्वज पिछले दिनों 5 अप्रैल को दिनभर लहराता रहा जो कि राष्ट्रीय ध्वज के अपमान की श्रेणी में आता है। उस दिन निचले हिस्से से फटे राष्ट्रीय ध्वज की फोटो दिन भर सोशल मीडिया पर वायरल हुई। लेकिन तभी नर्मदापुरम के मनीष परदेशी ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव सहित केंद्रीय रेल मंत्रालय एवं डीआरएम भोपाल को एक्स के माध्यम से पोस्ट कर अवगत कराया था।

अपनी एक्स पोस्ट में मनीष परदेशी ने फटे ध्वज पर लाल गोला लगाकर जिम्मेदारों से इस फटे तिरंगे को उतारकर उसके स्थान पर दूसरा लगवाने की अपील की थी। उस दिन शाम को आनन फानन में रेल्वे के स्थानीय अधिकारियों ने फटा हुआ ध्वज निकाल लिया था। सोशल मीडिया और एक्स पर पुनः नया तिरंगा लगाने की मुहिम चलाने वाले मनीष ने बताया कि वह इस मुहिम के दौरान निरंतर वह एक्स पर रेलवे की जिम्मेदार अधिकारियों से नया तिरंगा कब लगेगा सवाल पूछते रहे। रेलवे विभाग की ओर से डीआरएम भोपाल के ऑफिसियल एक्स एकाउंट से उन्हें लगातार जवाब मिलते रहे कि कार्य प्रगति पर है और हम जल्द तिरंगा लगा देंगे तो कभी हाइड्रा मशीन ना होने का हवाला देते रहे। लेकिन 24 दिनों के बाद मनीष की मुहिम रंग लाई और मंगलवार सुबह रेल्वे के अधिकारियों ने नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर पुन एक बार नया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहरा दिया। स्टेशन पर पुन राष्ट्रीय ध्वज लगने पर नर्मदापुरम के मनीष परदेशी ने एक्स के माध्यम से रेल मंत्री एवं डीआरएम भोपाल सहित इस कार्य में लगे रहे स्थानीय रेलवे अधिकारियों का धन्यवाद दिया एवं उनका आभार माना है।



### विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा ने सीवरेज परियोजना की प्रगति की समीक्षा की

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा ने नर्मदापुरम शहर में प्रगतिरत सीवरेज परियोजना की अद्यतन जानकारी प्राप्त की और परियोजना के शेष निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की नर्मदापुरम इकाई के परियोजना प्रबंधक श्री राजेन्द्र खाडे एवं उप परियोजना प्रबंधक श्री चंद्रशेखर कावलकर ने डॉ. शर्मा को परियोजना की वर्तमान स्थिति, अब तक पूर्ण हुए कार्यों और आगामी कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया। नर्मदापुरम जनपद अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र चौकसे भी समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम शहर में यह सीवरेज परियोजना नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा जर्मन बैंक केएफडब?लयू के सहयोग से संचालित की जा रही है।

## राज्यमार्गो एवं अन्य सड़कों पर में छायादार पेड़ो के संबंध में ज्ञापन दिया

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

आज निज निवास सांसद कार्यालय पर राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय राज्यमार्ग संसदीय समिति सदस्य श्रीमति माया नारोलिया जी को राज्यमार्गों एवं अन्य सड़को पर में छायादार पेड़ो के संबंध में ज्ञापन दिया भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में मार्गों का विशेष महत्व है सुगमतापूर्वक परिवहन के लिए मार्गो का सुगम होना बहुत ज्यादा जरूरी हैं। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में एवं श्री नितिन गडकरी जी माननीय मंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भारत सरकार के निर्देशन में सड़कों का जाल पूरे भारत मे बढ़ रहा है। परंतु उन्नत सड़कों का निर्माण तो हो रहा है परंतु अभी नए राज्यमार्गों में किसी भी प्रकार की पेड़ो का आभाव दिख रहा है अत: राष्ट्रीय राज्यमार्गो पर उचित बड़े पेड़ो को रोपने की कृपा करें वृक्षों का सघन पौधरोपण करने की कृपा करें1। सामाजिक संस्थाओं एवं प्रबुद्धजनों के माध्यम से पौधरोपण करवाया जा सकता हैं,राज्यमार्गो पर वृक्षारोपण पर्यावरण हित में महत्वपूर्ण कदम होगा एवं पक्षियो ओर जैवविविधता की दृष्टि में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम होगा। उपयुक्त समुचित व्यवस्था करने की कृपा करें इस दौरान मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत पप्पी महाराज महेश सेन पवन गौर विशाल दीवान सुन्दर अग्रवाल सुमित गौर अन्य सदस्य उपस्थित रहे



## फिल्म टूरिज्म के लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद करेगा: कलेक्टर

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

जिले में लगातार महारानी जैसी ख्यात वेबसीरीज की शूट से जिले के फिल्म टूरिज्म को नया आयाम मिला है। हम चाहेंगे कि जिले में ज्यादा से ज्यादा फिल्म शूटिंग हो और स्थानीय कलाकारो को अच्छा मंच मिले और स्थानीय व्यवसाय को भी फायदा हो।

फिल्म टूरिज्म संवर्धन के लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद करेगा। ये बात स्थानीय सर्किट हाउस में महारानी वेबसीरीज की शूटिंग के पहले दिन ख्यात अभिनेता प्रमोद पाठक के सीन का मुहूर्त क्लैप के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने कही। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर संपदा सराफ ,नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव भी उपस्थित थी।

कलेक्टर सोनिया मीना ने सर्किट हाउस में फिल्म के निर्माता नरेन कुमार,कार्यकारी निर्माता शशि ठाकुर, डायरेक्टर पुनीत प्रकाश, फर्स्ट एडी सोन,डीओपी अनुराग सोलंकी, प्रोजेक्ट डिजाइनर पारुल विक्रम, आदि से मिलकर फिल्म निर्माण की तकनीकी जानकारी ली और स्थानीय कलाकारो से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। निर्माता नरेन कुमार ने जिला प्रशासन ने कहा कि किसी भी फिल्म मेकर के लिए प्रशासनिक सहयोग आवश्यक होता है।

नर्मदापुरम जिला प्रशासन के सकारात्मक सहयोग के कारण ही हम यहां शूटिंग के लिए आते है उन्होंने स्थानीय नागरिकों के सहयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि जो शूटिंग फ्रेंडली माहौल नर्मदापुरम में मिलता है वैसा कहीं नहीं मिल सकता। डायरेक्टर पुनीत प्रकाश ने भी स्थानीय कलाकारो और जिला प्रशासन के सहयोग की प्रशंसा की। कलेक्टर सुश्री मीना व सभी अतिथियों का यूनिट की और नरेन कुमार, के साथ लोकल प्रोडक्शन श्रीजीत इंटरटेनमेंट प्रायवेट लिमिटेड की ओर से राजेंद्र ठाकुर,श्रीजीत सिंह ठाकुर, लोकेश तिवारी,संजय शर्मा ने स्वागत किया।

## जनसुनवाई में नागरिकों ने दिए समस्याओं से संबंधित आवेदन

सोहागपुर ■ निसं

स्थानीय जपं सभागार में मंगलवार को सामूहिक जन ।सुनवाई की गई जिसमें नागरिकों ने विविध समस्याओं के आवेदन दिए हैं। इस दौरान अधिकतर विभागों प्रमुख उपस्थित थे। सांडिया रोड पिपरिया निवासी चंद्रशेखर व्यास ने आवेदन में उल्लेख किया है कि ग्राम रेवा मोहारी सोहागपुर में ग्रामवासियों द्वारा निस्तार का पानी गांव से लगे हुए आवेदक के खेत में छोड़ा जाता है, जिससे फसल खराब हो रही है।

अगले आवेदन में ग्राम पंचायत नगतरा सरपंच नन्हूलाल पटेल ने शिकायत की है कि ग्राम के संजय पठारिया द्वारा शासकीय भूमि के हरे वृक्षों को काटकर तथा पटवारी द्वारा बताए गए रास्ते को रोककर पक्का मकान बनाया जा रहा है। उक्त शासकीय भूमि पर पूर्व में पटवारी ने आवासीय पट्टे भी प्रस्तावित किए हैं। आवेदन अनुसार उक्त मामले की शिकायत पूर्व में भी की गई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। अतः अतिक्रमण हटाएं, खेल मैदान तथा शमशान घाट का रास्ता खोलें। अमित विश्वकर्मा के आवेदन अनुसार बरेली-माछा रोड पर एक व्यक्ति ने अतिक्रमण किया है, जिससे आवेदक की राह रुकी है। दादूराम कुशवाहा ग्राम मड़काढाना ग्राम पंचायत चीचली ने उल्लेख किया है कि खसरा नंबर 64 में स्थित शासकीय रास्ते का सीमांकन किया जाए। आवेदक के अनुसार कई बार सीमांकन का आवेदन दिया गया है लेकिन अब तक सीमांकन नहीं हो सका है। दादूराम कुशवाहा ने एक अन्य आवेदन दिया है जिसके अनुसार सोमती पत्नि मानकचंद के नाम पर पुराना बिजली कनेक्शन पुराने समय से है व बिल जमा है। लेकिन कनेक्शन के तार टूटे हैं जिन्हें जोड़ने के लिए कई बार आग्रह किया है और बिजली कंपनी सुनवाई नहीं कर रही है।



#### कमिश्नर ने निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली

## नहरों पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाए - कमिश्नर

**सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूरे किए जाएं**



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने मंगलवार को निर्माण विभाग की बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्य पालन यंत्रियों को निर्देश दिए कि वह संभाग की नहरो पर हुए अतिक्रमण को प्राथमिकता से चिन्हित करें और उन नहरो पर हुए अतिक्रमणों को प्राथमिकता से हटाने की कार्रवाई भी करें। कमिश्नर ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के बाद भी सतत रूप से नहरों में निगरानी भी रखी जाए। कमिश्नर तिवारी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संसाधन विभाग अपने सोपे गए कार्य एवं लक्ष्य को प्राथमिकता से पूरा करें। कमिश्नर तिवारी मंगलवार को जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू तथा ब्रिज कॉरपोरेशन विभाग के कार्यों की संभागीय समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग राजाराम मीणा ने बताया कि नर्मदापुरम में तीन निर्माण कार्य निर्माणाधीन है इनमें एक माइनर एवं दो माध्यम सिंचाई परियोजनाएं शामिल है, इसके अतिरिक्त झाड़ बीड़ा माइनर प्रोजेक्ट भी शामिल है। देवरी सिंचाई योजना की प्रशासकीय स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि झाड़ बीणा मध्यम सिंचाई योजना के अंतर्गत 358 किलोमीटर की लाइन बिछानी है जिसके अंतर्गत अब तक 72 किलोमीटर की लाइन बिछा दी गई है, काम प्रगति पर है। उन्होंने बताया की ग्रीष्मकालीन मूंग के लिए सिंचाई के लिए तवा नहर से पानी दिया जा रहा है। मार्किंग कमांड के क्षेत्र में मार्किंग करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके अंतर्गत अब तक 33 स्थान पर मार्किंग की गई है। नहरो पर किए जा रहे अतिक्रमण में से अब तक 5 से 6 अतिक्रमण हटा दिए गए हैं। किलोमीटर पर स्टोन लगाने का कार्य भी प्रगति पर है। अब तक तीनों जिलों में 12 स्टोन लगाए गए हैं। नहरो की साफ सफाई का काम भी प्रारंभ है। साथ ही नहर के बफर जोन में पौध रोपण भी किया जा रहा है।

लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण यंत्री सुभाष पाटिल ने बताया कि नर्मदापुरम एवं हरदा में 80 में से 58 निर्माण कार्य प्रगतिरत हैं हालांकि सीमांकन के प्रकरण लंबित है। पांच निर्माण कार्य में नए टेंडर लगाए गए हैं। कमिश्नर तिवारी ने निर्देश दिए की सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए और यदि किसी निर्माण कार्य में कोई बाधा या रुकावट आ रही है तो उन्हें एवं शासन को तत्सम में अवगत कराया जाए।

#### नपा के तीन कर्मचारी हुए सेवानिवृत

## नगरपालिका हमेशा कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखती हैं: नपाध्यक्ष नीतू यादव

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

नगरपालिका कार्यालय से आज तीन कर्मचारी एआरआई भूपेंद्र तोमर, सुरेश केवट और भोलाराम सेवानिवृत्ति हो गए। सेवानिवृत्ति समारोह के दौरान कर्मचारियों को पुष्पमाला से स्वागत कर साथी कर्मचारियों ने दीर्घायु और उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में नपाध्यक्ष नीतू यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव द्वारा उनको उपहार दिए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए करते हुए नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि नगरपालिका हमेशा से ही कर्मचारियों के हितों की रक्षा करती आ रही है। कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए समय समय पर उन पर ध्यान दिया जाता है। आप सभी आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं आगे का जीवन अपने परिवार के साथ सुखदपूर्वक बिताएं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने संबोधित करते हुए कहा कि आप नगरपालिका से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जब भी आपकी सेवाओं की जरूरत होगी तब नगरपालिका प्रशासन द्वारा आपकी सेवाएं ली जाएंगी। नगरपालिका प्रशासन उज्जवल भविष्य की कामना करता है। आप अपने परिवार के साथ सुखमय जीवन व्यतीत करें।

विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव ने कहा कि जब से नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव ने पदभार ग्रहण किया है तब से कर्मचारी हितैषी कार्य किए जा रहे हैं। उनके पदभार ग्रहण करते ही जो भी कर्मचारियों को समस्या थी उनका निराकरण प्राथमिकता से किया गया है। कर्मचारियों को हरसंभव मदद करने हेतु तैयार रहते हैं। नगरपालिका के सभी कर्मचारियों को मैं व्यक्तिगत रूप से पहले से जानता हूं। सेवानिवृत्त के बाद आप सुखमय जीवन व्यतीत करें यही कामना है। कार्यक्रम का संचालन एआरआई सुनील अवस्थी ने किया एवं कार्यक्रम का आभार कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने माना। इस अवसर पर नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल।मो.9827054436भोपाल कार्यालय : 4240007.
डाक पंजीयन - MP/HSD04/2023-2025 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com ( सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।